दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 11 | टोंक | मंगलवार,13 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# टोंक में 12 गांवों का संपर्क टूटा:माशी डेम के सभी पांचों गेट खोले

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले में रविवार को सुबह करीब 9 बजे से ही बारिश का दौर जारी है। दोपहर तक भी रुक रुक जारी है। सबसे ज्यादा बारिश सुबह 8 बजे बाद से दोपहर 12 बजे तक माशी में 127 एम एम और दूनी में 125 एम एम हुई है। जिला मुख्यालय पर 17 एम एम बारिश हुई है। इसके अलावा जिले में अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है। इसके चलते माशी बांध के सभी सभी 5 गेट साढ़े तीन-तीन फ़ीट खोल दिए है। जल संसाधन विभाग के XEn अशोक जैन ने बताया कि तेज बारिश होने से सभी गेट खोलने के बाद भी इसकी 13 इंच की चादर चल रही है।

माशी बांध की नीचे के क्षेत्र समेत जिले के करीब एक दर्जन गांवों के रास्ते रपटों पर पानी आने से बंद हो गए है। उधर टोंक शहर में भी बीती रात को भी हुई तेज बरसात के बाद टोंक शहर के वार्ड नंबर 5 सौलंगपुरा चौराहा, चिड़ियों की बाड़ी, केंद्रीय बस स्टैंड के पीछे कैलाशपुरी कॉलोनी, देवली रोड़ स्थित कनक वाटिका समेत आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में पानी भर गया था।



**तेज बारिश हुई तो और बिगड़ेंगे हालात**

टोंक में सोमवार को भी बारिश तेज हुई कॉलोनियों में हालात और बदत्तर हो गए है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि वार्ड नंबर 5 स्थित सोलंगपुरा चौराहे के पास तेज बारिश के कारण रास्ते पर पानी भर गया। यहां के लोगों ने पूर्व में ही चिड़ियों की बाड़ी खाल के बालाजी से बैकुंठ धाम होते हुए बिखापुरा, बनास नदी तक पक्का नाला निर्माण और कच्चे नाले की सफाई की मांग कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से की थी, लेकिन कलेक्टर के आदेश के बावजूद 40 प्रतिशत ही नाला साफ हो पाया।

## औसत से ज्यादा हुई बरसात

जल संसाधन विभाग के XEn अशोक जैन ने बताया कि जिले में माशी और दूनी क्षेत्र में सोमवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे दोपहर तक ज्यादा बारिश हुई है। जिले में औसत बारिश से ज्यादा बारिश हो चुकी है। अब तक 722 एम एम बारिश हो रही है। जबकि औसत बारिश जिले के 619.32 एम एम ही है। यानि कि जिले में 116 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

## कलेक्टर, एस पी ने लिया हालातों का जायजा:संभावित जल भराव वाले क्षेत्रों और निचले इलाकों का किया दौरा

सवाई माधोपुर। मानसून के दौरान अतिवृष्टि के कारण सवाई माधोपुर नगर परिषद क्षेत्र के संभावित जल भराव वाले क्षेत्रों का कलेक्टर, एस पी ने जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर, एस पी ने आलनपुर, शहर, राजबाग, खण्डार मोड़, हाउसिंग बोर्ड, मानटाउन, राजनगर के साथ-साथ कच्ची बस्ती, हरिजन बस्ती का जायजा लिया।

आगामी दिनों में होने वाली वर्षा के दौरान लोगों को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाए। इसके लिए कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव और स्कममता गुप्ता ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नाले और रपट के दोनों ओर बेरिकेडिंग लगाने, खतरे के साइन बोर्ड लगवाने के साथ-साथ नालों में उग रही बरसाती घास की सफाई कराने के नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह को निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र के किसी भी नागरिक के घर में बरसात का पानी नहीं भरे और जलभराव की समस्या वाले इलाकों से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने के नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद कर वर्षा के दौरान आ रही परेशानियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और तत्काल निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किए है।

# कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस, 3 लाख डॉक्टर हड़ताल पर

**ममता बोलीं- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंपेंगे**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी।

घटना को लेकर आज देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। एम्स दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं।

ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा- हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की सीबीआई जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है। जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे।

इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार सुबह ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं। यहां उन्होंने कहा- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंप देंगे। हालांकि, सीबीआई का सक्सेस रेट काफी कम है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलना चाहिए।



# राजस्थान में भारी बारिश से हालात बिगड़े

## जयपुर सहित 7 जिलों में बाढ़ जैसे हालात; 5 जिलों में रेड अलर्ट, स्कूलों की छुट्टी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 3 दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। जयपुर समेत 7 जिलों (धौलपुर, करौली, भरतपुर, दौसा, टोंक, सवाई माधोपुर) में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। सवाई माधोपुर में बांध टूटने से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। टोंक में जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर 2 फीट तक पानी भर गया है। भारी बारिश के चलते जयपुर, कोटा, करौली, धौलपुर और दौसा के स्कूलों में मंगलवार को छुट्टी घोषित कर दी गई है। जयपुर में सुबह से लगातार हो रही तेज बारिश से सड़कें और रेलवे ट्रैक पानी में डूब गए। जोरदार बारिश से द्रव्यवती नदी उफान पर है। स्टेट हाईवे-2 पर छादेल में ढूंढ नदी की रपट पर पानी तेज गति से बह रहा है। गलता कुंड में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। जयपुर में पिछले 24 घंटे के दौरान 4.50 इंच से ज्यादा (118 एमएम) बारिश दर्ज की गई। शहर में सबसे ज्यादा 135 एमएम बारिश जेएलएन मार्ग पर हुई। सोमवार शाम को मुख्यमंत्री ने शहर के हालातों का जायजा लिया। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर दो-तीन दिन से बना हुआ है। इसके अगले दो दिन और ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

### करौली में बाजार में भरा तीन फीट पानी

करौली में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन गए हैं। यहां हिंडौन सिटी, सपोटरा समेत कई इलाकों में पानी भरा हुआ है। हिंडौन सिटी में चौबे पाड़ा बाजार में तीन फीट पानी भर गया है। दुकानों में भी पानी घुस गया। सपोटरा पुलिस थाने और पुलिस क्वार्टरों में 2 फीट पानी भर गया। सपोटरा तहसील ऑफिस में भी पानी घुस गया। इसके कारण सरकारी राजस्व रिकॉर्ड भीग गया। करौली जिले में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने सभी स्कूलों में मंगलवार को छुट्टी की घोषणा की है।

### सवाई माधोपुर के हिंदूपुरा में बांध की पाल टूटी

सवाई माधोपुर के बौंली उपखंड में हिंदूपुरा गांव में सोमवार सुबह 3 बजे बांध की मिट्टी की पाल तेज बहाव के कारण टूट गई। डैम की पाल करीब 3-4 फीट टूटने से पानी तेज बहाव के साथ आसपास के इलाकों में पहुंचा और चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। पानी भरने के कारण हिंदूपुरा और हथडोली पंचायतों के 20 से ज्यादा गांव को जोड़ने वाली कोली मोहल्ला पुलिया से आवागमन बाधित हो गया है। यहां पानी 6 फीट ऊपर से बह रहा है। बांध का पानी निगोह नदी में जाने से जटावती, डीडवाडी, जोलन्दा गांव के जलमग्न होने की आशंका है। हिंदूपुरा पंचायत ने यह बांध जल संरक्षण के तहत बनवाया था।

**टोंक में नेशनल हाईवे पर भरा 2 फीट पानी-**टोंक इलाके में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण कई जगह-जगह पानी भर गया। टोंक से गुजरने वाला जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 सरोली मोड़ चौराहा और दूनी रोड पर जलमग्न हो गया। यहां हाईवे पर 2-2 फीट तक पानी भरा हुआ है।

**भारी बारिश से मिट्टी ढहकर रेलवे ट्रैक पर गिरी-**दौसा जिले के लालसोट क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में 162 एमएम बारिश दर्ज हुई। यहां भारी बारिश के कारण डिडवाना गांव में दौसा-गंगापुर सिटी रेल परियोजना के तहत प्रदेश की सबसे लंबी रेल सुरंग के पास मिट्टी ढहकर रेलवे ट्रैक पर आ गई। रेल कर्मचारियों ने ट्रैक से मिट्टी हटाई। रखरखाव का काम जारी है। उधर, दौसा के सिकंदरा थाना क्षेत्र के लांका गांव में सोमवार को मोरोली बांध में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# मंत्री ने थाने पहुंचकर पुलिस अफसरों को लगाई फटकार

**राज्यवर्धन ने एसीपी से कहा- आपने बेसिक मैनर्स नहीं सीखे; सेना के जवान को निर्वस्त्र कर पीटा**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उद्योग और सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोमवार को पुलिस अफसरों को जमकर फटकार लगाई। वे जयपुर के शिप्रापथ थाने में सेना के जवान को कपड़े उतारकर पीटने से नाराज थे। घटना की जानकारी मिलते ही मंत्री थाने पहुंचे। मौके पर ही जिम्मेदार अफसरों को फटकार लगाते हुए नसीहत दी। इस दौरान मंत्री ने बीच में बोलने पर एसीपी से कहा- आपने पुलिस में बेसिक मैनर्स नहीं सीखे। दरअसल, 11 अगस्त को सेना के जवान अरविंद अपने परिचित जवान के केस के सिलसिले में जानकारी लेने शिप्रापथ थाने गए थे। थाने में पुलिसवालों ने ठीक से व्यवहार नहीं किया। उन्होंने खुद के सेना में होने का परिचय दिया। आरोप है कि थाने के एसआई और पुलिस वालों ने जवान को गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया। हवालात में डालकर कपड़े उतारकर पीटा।

### जवान से कहा- सेना की बाप है पुलिस

पुलिसवालों ने जवान से कहा- पुलिस सेना की बाप है। जवान को जमकर जलील किया गया। जवान अभी जम्मू कश्मीर में तैनात हैं। पीड़ित ने इसकी शिकायत सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से की। सेना के जवान से मारपीट पर मंत्री इतने नाराज हुए कि थाने पहुंच गए।

### थाने पहुंचकर अफसरों को फटकारा

घटना की जानकारी मिलने पर मंत्री राठौड़ ने थाने पहुंचकर पुलिसवालों से जवान के साथ मारपीट करने पर सवाल जवाब किए। इस दौरान पुलिस के कई वरिष्ठ अफसर भी पहुंच गए। राज्यवर्धन ने मोबाइल में पीड़ित के साथ मारपीट के सबूत दिखाए। इस पर एसीपी संजय शर्मा ने तर्क दिया कि सैनिक ने पुलिसकर्मियों को गाली दी। मुझे भी गाली दी है।

### एसीपी से बोले- यहां नहीं खड़े रहना चाहते तो अपने दफ्तर जाइए

नाराज राज्यवर्धन सिंह ने एसीपी संजय शर्मा के बीच में बोलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। राज्यवर्धन ने कहा- संजय जी, जब मैं बात कर रहा हूं तो आप क्यों बोल रहे हैं? आपको तो बेसिक प्रोटोकॉल ही नहीं पता, मैं बात कर रहा हूं न। आप वहां किससे बात कर रहे हैं? उसे छोड़िए गाली तो बहुत छोटी चीज हो गई। ये तो मुझसे ही लड़ना चाहते हैं। मैं यहां धैर्य से सब सुन रहा हूं, लेकिन संजय शर्मा कंटेस्ट करना चाहते हैं। जब आपसे बात की जाए तो जवाब दीजिए।

# 59 महीने का निचला स्तर पर आई रिटेल महंगाई

## खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से जुलाई में 3.54% रही, जून में 5.08% रही थी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जुलाई महीने में रिटेल महंगाई घटकर 3.54% पर आ गई है। ये 59 महीने का निचला स्तर है। अगस्त 2019 में महंगाई 3.21% थी। वहीं जून महीने में महंगाई 5.08% रही थी। खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से महंगाई घटी है। महंगाई अब आरबीआई के 2-4% के टारगेट के भीतर है। अनाज, फल, सब्जी, दाल, मसालों के दाम घटने से खाद्य महंगाई दर 9.36% से घटकर 5.42% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 4.39% से घटकर 2.98% पर आ गई थी। ग्रामीण महंगाई 5.66% से घटकर 4.10% पर पहुंच गई है।

### जुलाई 2023 में खाद्य महंगाई 11.51% थी, अब 5.42%

महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है जिसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.36% से घटकर 5.42% हो गई है। वहीं एक साल पहले जुलाई 2023 में खाद्य महंगाई 11.51% रही थी।



### आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए महंगाई अनुमान 4.5% रखा था

हाल ही में हुई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के दौरान आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5% पर अपरिवर्तित रखा था। आरबीआई गवर्नर ने कहा था- महंगाई कम हो रही है, लेकिन प्रोगेस धीमी और असमान है। भारत की महंगाई और ग्रोथ ट्रैजेक्टरी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है कि महंगाई टारगेट के अनुरूप हो।

### महंगाई कैसे प्रभावित करती है?

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।

### महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है?

महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

### सीपीआई से तय होती है महंगाई

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है।

कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।



# बांग्लादेश में भारतीय सेना की जीत का स्मारक तोड़ा

## प्रदर्शनकारियों ने टुकड़े-टुकड़े किए, इसमें 1971 जंग में पाकिस्तान की हार दिखाई थी

बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने 1971 की जंग से जुड़े राष्ट्रीय स्मारक को तोड़ दिया। मुजीबनगर में स्थित यह स्मारक भारत-मुक्तिवाहिनी सेना की जीत और पाकिस्तानी सेना की हार का प्रतीक था। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने हजारों सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। भारतीय सेना के ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट-जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इस स्मारक में उसी की छवि को दर्शाया गया है। वहीं, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना वापस लौटने का कहा है। हसीना के इस्तीफे के बाद बनी सरकार में गृह मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे ब्रिगेडियर जनरल एम सखावत ने कहा है कि हसीना की पार्टी को नए चेहरों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हसीना को देश से निकाला नहीं गया था, वे खुद भागीं थीं। सखावत ने कहा है कि वे वापस लौट सकती हैं, बस देश में फिर से हालात न बिगाड़ें। सखावत ने ये भी कहा कि हसीना के दिल्ली में रहने से भारत-बांग्लादेश के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# बढ़ता विचार

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## सम्पादकीय

# भारतीयों में घर के स्वामित्व के प्रति बढ़ती भूख

आवास क्षेत्र के ऋणों में वृद्धि न केवल एक मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र को दर्शाती है, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं के बीच गृह स्वामित्व के लिए बढ़ती भूख को भी दर्शाती है। पिछले 2 वित्तीय वर्षों में आवास क्षेत्र का बकाया ऋण लगभग 10 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। मार्च 2024 के लिए बैंक ऋण की क्षेत्रीय तैनाती पर भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 में आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) पर बकाया ऋण 27,22,720 करोड़ रुपए था। मार्च 2023 में 19,88,532 करोड़ रुपए और मार्च 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपए। समग्र आवास वित्त के साथ जारी रहने की प्रवृत्ति की तीव्र मांग के समर्थन से निकट-से-मध्यम अवधि में सालाना 12-14 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। तेजी से शहरीकरण और आय का बढ़ता स्तर विलासिता में तेजी ला रहा है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और आय के बढ़ते स्तर से प्रेरित होकर, महानगरीय परिदृश्य महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहा है। इससे उच्च गुणवत्ता वाले आवास और बेहतर जीवनशैली की मांग में वृद्धि हुई है। नाइट फ्रैंक की एक नई रिपोर्ट जिसका शीर्षक 'इंडिया रियल एस्टेट'-आवासीय और कार्यालय (जनवरी- जून 2024) है, से पता चला है कि 2024 की पहली छमाही (॥1 2024) में भारत के शीर्ष 8 शहरों में आवासीय इकाई की बिक्री में महत्वपूर्ण उछाल आया है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मुंबई, दिल्ली-एन.सी.आर., बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में बिक्री में 11 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई, इस दौरान कुल 173,241 इकाइयां बेची गईं। यह अवधि, गृहस्वामित्व के लिए एक मजबूत भूख को दर्शाती है।

प्रवृत्ति के अनुसार-प्रीमियम संपत्तियों की ओर खरीदार की प्राथमिकताओं में बदलाव आया। 1 करोड़ रुपए (10 मिलियन) और उससे अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2024 की पहली छमाही में कुल बिक्री का 41 प्रतिशत थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में आवासीय रियल एस्टेट बाजार 280,000-290,000 इकाइयों की अनुमानित सीमा के साथ नए लांच की मजबूत आमद की उम्मीद कर रहा है। इसने 2024 के लिए एक अच्छा रास्ता तय किया है, जो दर्शाता है कि यह क्षेत्र न केवल बढ़ रहा है बल्कि आने वाले वर्षों में और अधिक विकास का वादा भी कर रहा है। भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है, जबकि पिछले दशक में 2023 सबसे अधिक नई परियोजना घोषणाओं वाला वर्ष था। 2024 की पहली तिमाही यह इंगित करती है कि डिवैल्पर्स रणनीतिक रूप से घर खरीदारों की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा कर रहे हैं जो एक उन्नत जीवन शैली अनुभव की तलाश कर रहे हैं। पूर्व आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार, भारत में 2025 तक रियल एस्टेट बाजार का भारत की जी.डी.पी. में लगभग 15 प्रतिशत योगदान होने और 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार के दबाव के कारण किफायती आवास खंड में तेजी देखी गई है। पिछले 2 वर्षों में कोविड के बाद घर खरीदने की कुछ दबी हुई मांग भी थी जो यहां परिलक्षित हो रही है।

# उत्तरप्रदेश के आगामी उपचुनाव में भाग लेकर मायावती किसका खेल बिगाड़ेगी?

**बसपा सुप्रीमो मायावती मानना है कि खासकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार ने इस उपचुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया है। इस कारण इन उपचुनावों में लोगों की रुचि काफी बढ़ी है, लिहाजा बसपा ने भी इन उपचुनावों में सभी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने और पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मायावती के अनुसार चूंकि, बसपा गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की पार्टी है। दूसरे दलों की तरह यह बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर नहीं चलती है। इसलिए इसके समर्थक पूरे तन-मन-धन से सहयोग कर पार्टी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।**

अशोक भाटिया

बहुजन समाज पार्टी में जो अब तक नहीं हुआ वो अब होने जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी मुखिया मायावती अब बड़ा कदम उठाने जा रही है। मायावती ने ऐलान किया है कि वह उत्तरप्रदेश में आगामी 10 विधानसभा सीटों पर होने उपचुनाव में उम्मीदवार उतारेगी। बता दें कि बसपा हमेशा उपचुनावों से दूर रही है, लेकिन इस बार बसपा नेता मायावती ने कहा कि प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। उन्होंने रविवार को ऐलान किया कि निकट भविष्य में राज्य की 10 रिक्त विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में उनकी पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यह घोषणा मायावती ने लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक में करी। अमूमन उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने कि अब बात कर रही है। बसपा मुख?यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में रिक्त हुई 10 विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनावों के लिए अभी चुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इसे लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। समीक्षा बैठक में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए बसपा प्रमुख ने दावा किया कि प्रदेश व पूरे देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और पिछड़ेपन आदि को रोक पाने में सरकार की विफलता के कारण लोगों में आक्रोश है। भाजपा लगातार ध?यान भटकाने का प्रयास कर रही है।मायावती ने आरोप लगाया कहा कि इन मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए भाजपा विनाशकारी बुलडोजर राजनीति का सहारा ले रही हैं। लगातार नए जातिवादी और धार्मिक उन?माद/विवाद पैदा करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि इसी क्रम में धर्मांतरण पर नया कानून लाया गया है, एससी-एसटी समाज के लोगों का उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर उन्हें विभाजित करने का नया प्रयास है। जातिगत जनगणना को नकारना, मस्जिदों-मदरसों और वक्फ के संचालन में सरकारी हस्तक्षेप किया जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि जनता का गरीब और मेहनतकश वर्ग स्वाभिमान के साथ जीने, सम्मान के साथ रोजी-रोजगार कमाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सरकार इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही। बसपा प्रमुख ने कहा कि सरकार की नीयत और नीति पर जनता अब आंख बंद कर विश्वास नहीं करती है। लिहाजा, बसपा को अपनी गरीब और सर्वजन हितकारी 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की नीति और सिद्धांत के जरिए जनता का विश्वास जीतने का प्रयास जारी रखना होगा, जिसका चुनावी लाभ भी जरूरी और स्वाभाविक है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका दिया था। जहां सबसे ज्यादा जीतने की उम्मीदें थी पार्टी वहीं सबसे ज्यादा नुकसान में चली गई। नतीजा ये हुआ कि भाजपा को अपने बलबूते पूर्ण बहुमत नहीं मिला। लेकिन इसके लिए जिम्मेदार कौन रहा? क्या बहन जी यानी मायावती के वोटों में बिखराव होना और उनका 'इंडिया' गठबंधन की तरफ शिफ्ट होना



इसकी वजह है? या फिर बसपा ने दोनों को नुकसान पहुंचाया और खुद सबसे ज्यादा नुकसान में चली गई? दरअसल, बसपा के वोटों के बिखराव ने 'इंडिया' गठबंधन को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाया। जबकि, दर्जनभर से ज्यादा सीटों पर भाजपा को भी इसका फायदा मिला। बीजेपी+ की जीती हुई 33 सीटों में 16 सीटें ऐसी हैं, जहां बसपा को मिले वोट भाजपा के 'इंडिया' गठबंधन पर जीत के मार्जिन से ज्यादा थे। ऐसे में कई सियासी जानकार कह रहे हैं कि इन सीटों पर बसपा के वोटों की वजह से ही भाजपा की जीत हुई। अगर यहां बसपा के वोट कम हो जाते तो उत्तरप्रदेश में भाजपा 20 सीट के नीचे चली आती। हालांकि, 23 सीटें ऐसी भी मानी जा रही हैं जहां बसपा ने अच्छे वोट हासिल किए जिससे 'इंडिया' गठबंधन को नुकसान हुआ। लेकिन यह वो सीटें हैं जहां पर बसपा हमेशा से मजबूत रही है। बसपा जहां अपने वोटों के बिखराव को रोकने में थोड़ा भी सफल रही वहां भाजपा जीती है। ऐसी 23 सीटें है, जैसे- बुलंदशहर, मथुरा, हाथरस, शाहजहांपुर, मिश्रिख, हरदोई, उन्नाव, फर्रुखाबाद, अकबरपुर, कैसरगंज, भदोही, बहराइच, डुमरियागंज, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया और बांसगांव जहां बसपा अपना अच्छा खासा वोट बैंक बचाने में सफल रही। जिसकी वजह से भाजपा मामूली वोटों से ही सही लेकिन वह 'इंडिया' गठबंधन पर भारी पड़ी। जबकि, दूसरी तरफ बसपा प्रत्याशी जहां कम वोट पाए या फिर उनका बिखराव ज्यादा हुआ वह सीटें इंडिया गठबंधन को चली गई। माना जा रहा है कि इटावा, धौरहरा, खीरी, एटा, संभल, मोहनलालगंज, हमीरपुर, जालौन, सुल्तानपुर, बांदा, फतेहपुर, लालगंज, अंबेडकर नगर, जौनपुर, मछली शहर, सलेमपुर, गाजीपुर, चंदौली और घोसी जैसी सीटों पर बसपा अपना परंपरागत वोट नहीं बचा पाई और इनका एक बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन की तरफ शिफ्ट कर गया। कहीं कांग्रेस को तो कहीं समाजवादी पार्टी को, जिसकी वजह से भाजपा इन सीटों को हार गई। उत्तरप्रदेश में साल 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 403 सीटों में से सिर्फ एक सीट जीतने और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह सफाया होने के बाद बसपा की उम्मीदें अब उपचुनावों पर टिकी हैं। आरक्षण को लेकर अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर से जुड़े मामलों के बीच बसपा प्रमुख अब पूरे तेवर में दिख रही हैं। उत्तर प्रदेश के नौ विधायकों ने लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद विधानसभा से इस्तीफा दे दिया, जबकि इरफान सोलंकी को एक आपराधिक मामले में सजा सुनाये जाने के बाद उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया। वह कानपुर के सीसामऊ से समाजवादी पार्टी के विधायक थे। इस तरह प्रदेश में विधानसभा की कुल 10 सीटें रिक्त हुई हैं। विधानसभा के एक अधिकारी बताते है कि भारत निर्वाचन आयोग को 10 रिक्त सीटों की सूचना भेज दी गई है। उत्तर प्रदेश की करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और सीसामऊ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। हालांकि अभी उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है।

दरअसल, 2019 में जिन 42 सीटों पर बसपा नहीं लड़ी थी वहां दलितों ने ज्यादातर भाजपा को वोट किया था। लेकिन इस बार मायावती की पार्टी के लड़ने से बसपा को मिले वोटों ने भाजपा का नुकसान कर दिया। 2019 में मुजफ्फरनगर में बसपा ने अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया था लेकिन इस बार संजीव बालियान के खिलाफ लड़ रहे हरेंद्र मलिक को बसपा के दारा सिंह प्रजापति के लड़ने का फायदा मिला। बसपा उम्मीदवार 1 लाख 43 हजार वोट पाए और संजीव बालियान 24 हजार वोटों से हार गए। वहीं, बदायूं में पिछली बार ज्यादातर दलित वोट भाजपा के साथ गया था क्योंकि बसपा का यहां उम्मीदवार नहीं था लेकिन बसपा ने इस बार मुस्लिम खान को टिकट दिया। 97000 से ज्यादा वोट बसपा को मिला और भाजपा के दुर्विजय सिंह शाक्य लगभग 35 हज़ार वोट से चुनाव हार गए। यह दो सीटें तो बानगी हैं, ऐसी 22 सीटों पर भाजपा को हार मिली है जहां पिछली बार बसपा के नहीं होने का फायदा भाजपा को मिला था। 2022 के चुनाव के मुकाबले लगभग तीन फीसदी बसपा को कम वोट मिले और इस तीन फीसदी में सबसे ज्यादा वोट इंडिया गठबंधन को शिफ्ट हुए हैं। बसपा के लिए अपने वोटों को रोकना आज सबसे बड़ी चुनौती है। नगीना जैसी सीट पर बसपा को महज साढे 13 हज़ार वोट मिले, जहां से मायावती ने अपनी सियासत की शुरुआत की थी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### वृष

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

### कर्क

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

### सिंह

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### कन्या

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

### तुला

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### वृश्चिक

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### धनु

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### मकर

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### कुंभ

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### मीन

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी।

## शख्सियत

**हम बदलेगें युग बदलेगा इस बात का जीता जागता सबूत हमें प्रकृति दे रही है। हम खुद बदल नहीं रहे हैं बल्कि सामने वाले को बदलने की सलाह दे रहे हैं ऐसे में युग नहीं बदल पा रहा गायत्री परिवार का ये मिशन सच में संदेश देता है कि युग बदलने के लिए हमारा बदलना बेहद जरूरी है........**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं गायत्री परिवार से जुड़े मुकेश गुप्ता। मुकेश गुप्ता जिनका जन्म 4 अप्रेल 1974 को अलवर के मालाखेड़ा तहसील मे हुआ इनके आदर्श पुरुष हैं महान् युवा हृदय सम्राट महानायक स्वामी विवेकानन्द जी एवं ध्येय वाक्य है उत्तिष्ठ जागृत प्राप्य वरान्नी बोधत। गिद्ध, गिलहरी से कार्य करते हुए मातृभूमि के ऋण से उऋण होना चाहते हैं। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सेवारत हैं। अध्ययन के प्रति गहरी रुचि के चलते दर्शन शास्त्र में स्नातक ए लोक प्रशासन में अधिस्नातक और स्वास्थ्य के प्रति जन जागरण करने के उद्देश्य से इन्दिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी से न्यूट्रीशन एण्ड हेल्थ में डिप्लोमा कियाएकोरोना काल में जयपुर डिस्कॉम के प्रोटेक्शन विंग भिवाड़ी में पूरी निष्ठा से सेवाऐं दी तथा अपेक्षाकृत कम विकसित बस्तियों में गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा बनाए गए मास्क ए राशन किटए तैयार भोजन के पैकेट्स इत्यादि जरूरत मंद सद्स्यों तक पहुंचाने में सहयोग मानवीय धर्म मानते हुए किया। गायत्री परिवार से दीक्षा सन् 2000 में 1551 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हरीद्वार में ग्रहण की। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पहली बार राज्यों में युवा प्रकोष्ठ के गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गईए जिसमें पुष्कर में गायत्री शक्तिपीठ पर राजस्थान प्रान्त के जिलों में युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। 28 वर्ष की उम्र में अलवर गायत्री परिवार का जिला युवा संयोजक मनोनित किया गया। तभी से जिले में भ्रमण, नये युवाओ को धर्म संस्कृति से जोड़ना और युवा मंडलों का गठन, विभिन्न प्रकार के रचनात्मक गतिविधियों जैसे विद्या विस्तार संस्कार, 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञों की श्रृंखलाए सामूहिक साधना अभियान, पर्यावरण संरक्षण, बाल संस्कार शाला संचालनए नशा निवारण हेतु सेवा कार्य, गायत्री परिवार रूपी संगठन को सशक्त बनाने में सहयोग किया। 2006 से प्रारम्भ युवा जागृति अभियान के प्रांतीय युवा चेतना शिविर सम्मेलन आयोजित होना प्रारम्भ हुए, इसी श्रृंखला में अलवर में 2010 में पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर पांचवां प्रांतीय युवा चेतना शिविर का नेतृत्व किया। विगत ट्रस्टों के कार्यकाल में एवम् वर्तमान ट्रस्ट में सप्त आंदोलन समिति अभियान का कार्यभार है।



मुकेश गुप्ता
(गायत्री परिवार)

समाजिक सरोकार के प्रति गहरी रुचि है, अखैपुरा स्थित श्री महर्षि वाल्मीकि मन्दिर नई बस्ती दिवाकारी, गणेश गुवाड़ी के पास बराई माता बस्ती, भांड बस्ती आदि अपेक्षाकृत कम विकसित क्षेत्रों में में बाल संस्कार शाला का संचालनए9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, नशा मुक्ति रैली, नशा मुक्ति शिविर आदि का संचालन गायत्री परिवार की युवा मंडल के सहयोग से करते आए हैं। नशा मुक्ति के लिए लगातार कार्य कर सैकड़ों युवाओं के जीवन को बदल चुके हैं। बेहद शानदार व्यक्तितत्व के इंसान के रूप में मुकेश गुप्ता को जाना जाता है। हमेशा चेहरे पर मधुर मुस्कान लिए बडे से बडे कार्य को बिना तनाव के सहजता से करना इनकी शख्सियत का एक हिस्सा है। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 13 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के शासक हेनरी चतुर्थ ने 1598 में नांत का प्रख्यात आदेश जारी किया। इस आदेश के आधार पर प्रोटेस्टेन्ट ईसाईयों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता दी गयी।
- डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने 1642 में मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया।
- स्वीडन और डेनमार्क ने 1645 में ब्रह्मसब्रो शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में 1784 को पेश हुआ।
- दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हालैंड के बीच 1814 में समझौता हुए।
- अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो-अमेरिकन का बाल्टीमोर से 1892 में प्रकाशन शुरू हुआ।
- जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने 1898 में फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- इंग्लैंड ने 1902 में ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की।
- इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली, शेफील्ड ने 1913 में स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।
- नवनिर्मित पोलिश बंदरगाह जिडायनिया पर 1923 में पहला बड़ा समुद्री जहाज आया।
- गुस्ताव स्ट्रेसीमैन जर्मनी की चांसलर 1923 को नियुक्त हुई तथा वेमर गणराज्य में गठबंधन सरकार का गठन हुआ।
- भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान 1951 में भरी।
- राष्ट्रीय राजमार्ग लोकसभा में 1956 को विधेयक पारित हुआ।
- अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से 1960 में स्वतंत्र हुआ।
- अंतरिक्ष शटल के पहले ग्लाइड का परीक्षण 1977 में किया गया।
- वाशिंगटन में इजरायल एवं फिलिस्तीन के बीच शांति समझौता 1993 में सम्पन्न।
- थाईलैंड के नाखोन रचासिमा में 1993 को होटल ढह जाने से 114 लोग गए।
- सं.रा. अमेरिका और उत्तरी कोरिया के बीच 1994 को जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण के संबंध में ऐतिहासिक सहमति।

## विशेष आलेख


### विश्व अंगदान दिवस पर विशेष

# अंगदान बीमार या मरते को नयी मुस्कान देने का पुण्य

ललित गर्ग

विश्व अंगदान दिवस प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंगदान के महत्व को समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है ताकि अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को अंगदान से जुड़ी गलतफहमियों से अवगत कराया जा सके। इस दिवस का एकमात्र उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना और शिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके, जरूरतमंदों की जीवन मुस्कान लौटायी जा सके। गुर्दे, हृदय, अग्न्याशय, आंखें और फेफड़े जैसे अंग दान से पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों की जान बचाई जा सकती है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान् दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्तव्य पालन करता है। अंग दान-दाता कोई भी हो सकता है, जिसका अंग किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये अंग से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। वर्ष 2024 की इस दिवस की थीम है 'आज किसी की मुस्कान का कारण बनें!'

'अंगदान दिवस' पूरे विश्व एवं भारत में मनाये जाने वाले महत्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह अंगदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा प्रदान करती है। अंगदान ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी जीवित या मृत, दोनों तरह के व्यक्तियों से स्वस्थ अंगों और ऊतकों को लेकर किसी अन्य ज़रूरतमंद व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। प्रत्यारोपित होने वाले अंगों में दोनों गुर्दे (किडनी), यकृत (लीवर), हृदय, फेफड़े, आंत और अग्न्याशय शामिल होते हैं। जबकि ऊतकों के रूप में कॉर्निया, त्वचा, हृदय वाल्व कार्टिलेज, हड्डियों और वेसेल्स का प्रत्यारोपण होता है। आँख, पाचक ग्रंथि, आँत, अस्थि ऊतक, हृदय छिद्र, नसें आदि अंगों का भी दान किया जा सकता है। पूरे देश में ज्यादातर अंग दान अपने परिजनों के बीच में ही होता है अर्थात् कोई व्यक्ति सिर्फ अपने रिश्तेदारों को ही अंग दान करता है। विश्व स्तर पर और भारत जैसे विकासशील देशों में अंग की बढ़ती आवश्यकता को रोकने में मृत दाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि एक मृत दाता आठ व्यक्तियों को बचा सकता है। 2021 में, वैश्विक स्तर पर 1,44,302 अंग प्रत्यारोपण हुए, जिनमें से 26.44 प्रतिशत (38,156) मृतक अंग दान के हैं। भारत ने कुल 12,259 प्रत्यारोपण किए, जो वैश्विक प्रत्यारोपण में 8 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें प्रमुख प्रत्यारोपण गुर्दे (74.27 प्रतिशत), उसके बाद लीवर (23.22 प्रतिशत), हृदय (1.23 प्रतिशत), फेफड़े (1.08 प्रतिशत), अग्न्याशय (0.15 प्रतिशत) और छोटी आंत (0.03 प्रतिशत) के हैं। एक शोध



रिपोर्ट के अनुसार, 2021 की तुलना में, भारत में क्रमशः किडनी (759), लिवर (279) और हृदय (99) में 1137 अधिक मृत अंग प्रत्यारोपण की सूचना मिली है। हालांकि, भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, मांग को पूरा करने के लिए लगभग 175,000 किडनी, 50,000 लिवर, हृदय और फेफड़े और 2,500 अग्न्याशय की आवश्यकता है। प्रत्यारोपण की संख्या और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच एक बड़ा अंतराल है। अंगदान जीवन के लिये अमूल्य उपहार है। अंगदान उन व्यक्तियों को किया जाता है, जिनकी बीमारियाँ अंतिम अवस्था में होती हैं तथा जिन्हें अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। जीवित व्यक्ति के लिये अंगदान के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही अधिकांश अंगों के प्रत्यारोपण का निर्णायक कारक व्यक्ति की शारीरिक स्थिति होती है, उसकी आयु नहीं। जीवित अंगदाता द्वारा एक किडनी, अग्न्याशय, और यकृत के कुछ हिस्से दान किये जा सकते हैं। कॉर्निया, हृदय वाल्व, हड्डी और त्वचा जैसे ऊतकों को प्राकृतिक मृत्यु के पश्चात् दान किया जा सकता है, परंतु हृदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े और अग्न्याशय जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों को केवल ब्रेन डेड के मामले में ही दान किया जा सकता है। अंगदान और प्रत्यारोपण 'मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम (टीएचओए) 1994 के अंतर्गत आता है, जो फरवरी 1995 से लागू हुआ। इस अधिनियम के अनुसार अंगदान सिर्फ उसी अस्पताल में ही किया जा सकता है, जहां उसे ट्रांसप्लांट करने की भी सुविधा हो। यह अपने आप में बेहद मुश्किल नियम था। इस नियम से दूर-दराज के इलाकों के लोगों का अंगदान तो हो ही नहीं पाता था। इस समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा 2011 में इस अधिनियम को संशोधित किया गया। नए नियम के मुताबिक अंगदान अब किसी भी आईसीयू में किया जा सकता है अर्थात उस अस्पताल में ट्रांसप्लांट न भी होता हो, लेकिन आईसीयू है, तो वहां भी अंगदान किया जा सकता है। केवल भारत में ही नहीं दुनिया में हर साल लाखों लोगों के शरीर के अंग खराब होने के कारण मृत्यु हो जाती है। दुनियाभर में रक्तदान के प्रति जागरूकता की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों ने इसका महत्व समझा और आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करने लगे हैं, उसी प्रकार अंगदान के प्रति वैश्विक जागरूकता की महत्ती आवश्यकता है। रक्तदान के बाद दूसरे स्थान पर है नेत्रदान। लोग अब नेत्रदान के लिए भी आगे आने लगे हैं। तथ्य बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर अंगदान में भारत की हिस्सेदारी बहुत ही कम है। यहाँ प्रति 10 लाख पर मात्र 0.15 लोगों द्वारा ही अंगदान किया जाता है। जब की प्रति 10 लाख पर अमेरिका में 27, क्रोएशिया में 35 एवं स्पेन में 36 लोग अंगदान करते हैं। अंगदान का पूरा रिकार्ड संधारित किया जाता है जिसकी जानकारी ''नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन'' को दी जाती है। 65 वर्ष उम्र तक के वे व्यक्ति जिनका ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया हैं वे अंगदान कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति का 4 घंटे तक दिल एवं फेफड़े, 6 से 12 घंटे तक किडनी, 6 घंटे तक लिवर, 24 घंटे तक पेनक्रियाज एवं 5 साल तक टिश्यू को सुरक्षित रख जा सकता है।

# कावड़ यात्रा के चलते सम्पूर्ण कस्बा शंकर भगवान के जयकारो से गूंज कर शिवमय हुआ

## शांतिपूर्ण व सुरक्षित तरीके से यात्रा के निकल जाने के बाद प्रशासन ने ली राहत की सांस, कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान







**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री शिव कावड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में सोमवार को बीसलपुर से रवाना हुई कावड़ यात्रा के मालपुरा शहर में प्रवेश के बाद कावड़ियो सहित यात्रा में शामिल शहरवासियो के जयकारो से गूंज कर सम्पूर्ण कस्बा शिवमय होकर भगवान शंकर के जयकारो से गूंजा।

सोमवार को मालपुरा आने वाली कावड़ यात्रा मोर से रवाना होकर कृपाल भैंरू, टोरड़ी स्टेशन, अम्बापुरा होते हुए आरएसी चोकी तक पहुंची। यहां से प्रशासन की ओर से केवल पंजीबद्ध कावड़ियो व पहचानपत्र शुदा व्यवस्थापको को ही आगे जाने की अनुमति दी गई। प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा समिति को जारी मार्ग अनुमति की शर्तो का पालन करते हुए कावड़ यात्री कावड़ लेकर भगवान शंकर के जयकारो के साथ आगे बढ़े। ट्रक स्टेण्ढ एरिया से कावड़ के निकलने के साथ ही यात्रा में भारी तादाद में शहरवासी भी शामिल हो गए। कावड़ यात्री व शहरवासी केसरिया ध्वज लहराते हुए जयकारो के साथ केदारनाथ मन्दिर पहुंच कर गौणकेश्वर महादेव बीसलपुर से लाए पवित्र जल से भगवान शंकर का जलाभिषेक किया।

**जलदाय मंत्री ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत :** प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी कावड़ यात्रा में शामिल कावड़ियो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही स्वयं पैदल चलकर केदारनाथ मन्दिर पहुंच कर कावड़ियो व शहरवासियो का हौसला बढ़ाया।

**नगरपालिका अध्यक्ष ने किया स्वागत :** कावड़ यात्रा के नवीन मण्डी में पालिकाध्यक्ष आवास के बाहर पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, उनके सभी परिवारजन, पालिका के कई पार्षदो ने कावड़ियो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही कावड़ियो के साथ भगवान शंकर के जयकारे लगाए।

**सुरक्षा ऐसी कि कोई परिन्दा भी पर नहीं पा सका :** कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से बेहद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। सोमवार को पूरा कस्बा कावड़ यात्रा के लिए बने कोरिडोर के चलते घरो में रहने को मजबूर हुए। मुख्य सड़को कुछ रास्ते खुले होने के कारण लोग इनमें से ही अपने जरूरी कार्यो को पूर्ण किया। कावड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कावड़ यात्रा मार्ग में आसमान, जमीन से निगरानी करने के अलावा अपने अधिकारियो, पुलिस, आरएसी सहित एसटीएफ वाहनो से कड़ी निगरानी रखी। संभागीय आयुक्त महेशचन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक लता मोहन ने भी सोमवार को दोपहर में शहर सहित यात्रा मार्ग का अवलोकन किया। इसके अलावा जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक दिन भर व कावड़ यात्रा के मालपुरा में प्रवेश करने से लेकर केदारनाथ मन्दिर पहुंचने तक यात्रा के आगे पीछे रहकर सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्थाओ पर नजर रखी। इसके अलावा पुलिस प्रशासन द्वारा कावड़ यात्रा को लेकर अतिरिक्त तोर पर बुलाए लगभग एक हजार सुरक्षा जवानो सहितपुलिस के आला अधिकारियो को तैनात कर कावड़ यात्रा को शांति पूर्ण तरीके से निकलवा कर समूचे प्रदेश में एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया। साथ ही उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक सहित यात्रा को देखते हुए सरकार व जिला कलक्टर के आदेशो से लगे कई प्रशासनिक अधिकारियो ने कड़ी निगरानी रखी।

# एनसीसी कैडेट्स अन्य लोगों को भी तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें : लेफ्टिनेंट मो. बाकीर हुसैन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राजकीय महाविद्यालय टोंक के एनसीसी कैडेट्स छात्र-छात्राओं ने सोमवार को हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। एनसीसी के लेफ्टिनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा की हर घर तिरंगा एक राष्ट्र स्तरीय अभियान है जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। यह अभियान राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता व राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में जश्न मनाने और उसका सम्मान करने को दर्शाता है।

इस दौरान लेफ्टिनेंट मो. बाकिर हुसैन ने कैडेट्स को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज के प्रोटोकॉल के तहत फहराए जाने के लिए प्रेरित करते हुए अपने आसपास के नागरिकों को भी तिरंगा फहराने के लिए कहा। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्र निर्माण व राष्ट्र विकास का संकल्प लिया तथा राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। लेफ्टिनेंट बाकिर ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र चंदेल, डॉ. नरेश वर्मा, मंजू कुमारी मीना, चंद्रशेखर मीना व अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पदयात्रा मेले को परवान पर चढ़ने से भारी बारिश के रोका भण्डारो का शुभारम्भ पं. गोविन्दनारायण शर्मा ने किया

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र की धार्मिक नगरी डिग्गी में आयोजित 59वां लक्खीपदयात्रा मेला क्षैत्र में भारी बारिश के चलते परवान नहीं चढ़ सका। इधर कल्याण जी महाराज के मन्दिर में भी श्रद्धालु कम संख्या में उमड़ने से मन्दिर खाली खाली नजर आया। डिग्गी में सोमवार को लक्खी पदयात्रा मेले का दूसरा दिन रहा। पूर्व के मेलो में तो मेला शुरू होने के दूसरे दिन से ही भारी संख्या में पदयात्री आते थे। लेकिन इस बार जयपुर से लेकर डिग्गी तक भारी बारिश का प्रकोप चल रहा है। इसके चलते पदयात्री काफी कम संख्या में आ रहे हैं। जयपुर में मूसलाधार व तेज बारिश के चलते पदयात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या कम है। इधर सोमवार को डिग्गी में भी दिन भर बारिश का दौर रहने से श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में मेला होने के बावजूद आम दिनो की तरह ही श्रद्धालु नजर आए। मेले को प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। डिग्गी पूरी तरह से सुरक्षा घेरे में रही। डिग्गी में श्रद्धालुओं से ज्यादा सुरक्षा दस्ते व सुरक्षा में लगे पुलिस के अधिकारी नजर आए। वहीं जयपुर से लेकर डिग्गी तक बारिश होने के चलते आने वाले पदयात्रियो को सुरक्षा की दृष्टि फागी प्रशासन ने बीति देर रात्रि डिग्गी की ओर आने नहीं दिया। फागी में डेरा जमाए पदयात्री सोमवार को सुबह रवाना हो सके। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि डिग्गी पदयात्रा का मेला मंगलवार से परवान पर आ सकता है।

**भण्डारे हुए शुरू :** जयपुर से 59वीं लक्खी पदयात्रा शुरू होने के साथ ही पदयात्रियो के लिए भण्डारे सोमवार को शुरू हो गए। श्री जी भण्डारा परिवार की ओर से जयपुर रोड पर बजरी टोल नाके पर लगे भण्डारे का हणुति बालाजी मन्दिर के मुख्य सेवक पं. गोविन्द नारायण शर्मा ने पूजा अर्चना के साथ शुरू किया। इस दौरान श्रीजी भण्डारा परिवार के सदस्यो ने पं. शर्मा का अभिनन्दन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। इसके अलावा नुक्कड़ चौराहे से डिग्गी जाने वाले सड़क मार्ग पर अग्रवाल सेवा सदन के आगे श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से लगे भण्डारे का शुभारम्भ भी हणुति बालाजी मन्दिर के मुख्य सेवक पं. गोविन्द नारायण शर्मा ने पूजा अर्चना के बाद शुरू किया। इस दौरान आयोजन से जुड़े पवन मेन्दवास्या सहित आयोजन से जुड़े अन्य लोगो ने पं. शर्मा का अभिनन्दन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। इसके अलावा श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में लगे भण्डारे में प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी भी पहुंचे। जिनका भण्डारा आयोजन समिति द्वारा सार्वजनिक अभिनन्दन कर स्वागत सम्मान किया गया।

## जल जीवन मिशन के तहत शेष रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, क्षेत्र अजमेर की अध्यक्षता में वृत कार्यालय टोंक में जल जीवन मिशन के तहत शेष रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा के लिए सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी, अधीक्षण अभियंता वृत्त टोंक, अधिशासी अभियंता, खंड टोंक एवं खंड मालपुरा व अधीनस्थ सहायक अभियंताओं के साथ संवेदकों ने भाग लिया। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने अधिशासी अभियंताओं से जल जीवन मिशन के तहत शेष रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। सभी संवेदकों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन में शेष रहे कार्यों की कार्य योजना प्रस्तुत कर शीघ्र पूर्ण करे। साथ ही, जिन संवेदकों ने योजनाओं की कार्य योजना प्रस्तुत करने के बाद भी निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किया है उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंताओं को मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024 के अंतर्गत ब्लॉक देवली, मालपुरा व टोडारायसिंह की डीपीआर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## खराबा फसलों का मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात से खरीफ की फसल चौपट होने पर सोमवार को किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलवाने की मांग की है। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि लगातार बारिश होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतर गांवों की खरीफ की फसल मक्का, मूंगफली, तिल, ज्वार-बाजरा, मूंग, उड़द सहित अन्य फसलें नष्ट हो गई हैं। जिसके लेकर किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, संयोजक रामसहाय, महामंत्री गोविंद चौधरी, शंकरलाल मीणा, मोहनलाल खेड़ा, देवराज गुर्जर सैदरिया, द्वारका मीणा भरथला, कमलेश खंडवा, बद्रीलाल, सुरेश शर्मा, शिवराज पलेई, रामस्वरूप, मंगलराम व गोपाल मीणा सहित कई किसान मौजूद थे।

## नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** उपखंड के राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपलू में नशा मुक्त भारत अभियान 2024 के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सौलतअली खान द्वारा शपथ दिलवाई गई। उन्होंने बताया कि हम सब समाज को नशा मुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित और एकजुट होकर समाज में एक नया आयाम स्थापित करने का प्रयास करेंगे। नशा मुक्ति समिति तथा एनएसएस प्रभारी जे पी देवतवाल ने बताया कि सदैव नशे से बच कर रहना चाहिए।

# खेडीमानपुर में सडक नही होने से कीचड़ युक्त पानी में से गुजरना पड़ता है अन्तिम संस्कार यात्रा को

## टीन शेड नहीं होने पर तिरपाल व टीन लगाकर किया अन्तिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



खेड़ीमानपुर में टीन लगाकर महिला अन्तिम संस्कार करते हुए ग्रामीण।

**निवाई ( का.स. )।** गांव खेडीमानपुर में एक महिला के अंतिम संस्कार के लिए लोगों को कांटों व कीचड़ से भरे रास्ते में से होकर होकर जाना पड़ा जिससे लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बस्सी के गांव खेड़ीमानपुर में 80 वर्षीय ग्यारसीदेवी पत्नी रामकिशन मीणा की मौत के बाद अंतिम संस्कार की तैयार की गई। पूरे परिवार में गम का माहौल था। लेकिन मोक्षधाम तक सडक़ नहीं होने के कारण सभी लोगों ने कटिंले कांटे व किचड़ युक्त पानी से होकर मोक्षधाम तक पहुंचे। बारिश होने के कारण वहां दाह संस्कार के लिए टीनशैड नही होने के कारण मृतक महिला के परिवार के लोगों ने ही चदर ले जाकर दाह संस्कार करना पडा। तब भी भारी बारिश होने के कारण वहां दाह संस्कार में काफी परेशानी हुई। दाह संस्कार स्थल पर बारिश से पानी आ जाने से तिरपाल से लकडियां को ढका गया है। बाद में थोडी बारिश कम हुई तब जाकर अंतिम संस्कार हो पाया। हैरानी की बात ये हैं कि ग्रामीणों ने समस्या के बारे में स्थानीय पंचायत प्रशासन व उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत करवा दिया लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया। गांव में जब भी किसी की मौत होती है तो इसी तरह से जूझते हुए अंतिम संस्कार करना पड़ता है। जगराम मीणा, विकास मीणा, प्रधान छोलक, रामअवतार शर्मा, राकेश मीणा व सुरेश मीणा ने बताया कि मोक्षधाम जाने के लिए सडक नहीं है। जब भी गांव में मौत होती है तो अंतिम यात्रा वही कंटिले कांटे व किचड़ युक्त पानी से भरे हुए रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। अंतिम यात्रा के दौरान लोगों को परेशानी होती है। पंचायत में सरपंच सांवरमल मीणा को कई बार अवगत करवा चुके हैं। इसके बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। बस्सी ग्राम विकास अधिकारी गिरधर सिंह का कहना है कि यहां बहुत जल्दी ही टीनशैड लगावा दिया जाएगा। अभी पंचायत में बजट नहीं है बजट आते ही सडक़ भी बना दी जाएगी।

## बिडोली के लिए कावड यात्रा को विधायक रामसहाय वर्मा ने किया रवाना

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** मायला कुंड से बिडोली कावड यात्रा मंडल के तत्वावधान में कांवड़ के साथ विशाल कांवड़ यात्रा रवाना हुई। सोमवार की सुबह विधायक रामसहाय वर्मा व पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामराय मीणा द्वारा पूजा अर्चना कर कावड़ यात्रा को बिडोली के लिए रवाना किया। कावड़ यात्रा का जुलूस मायला कुंड से रवाना होकर गणगौरी बाजार होते हुए कंकाली माता मंदिर, जयपुर रोड होते हुए बिडोली पहुंचा। इस दौरान कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा की और सभी कांवडियों का स्वागत किया। जुलूस में भगवान शंकर के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। बिडोली के शिवालय में कावड़ यात्रियों ने जलाभिषेक किया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य विष्णु शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, नाथूलाल शर्मा, केदार शर्मा, लक्ष्मीचन्द शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दिनेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, बलराम सिंह, दिनेश जांगिड, बाबू प्रजापत व राहुल गुर्जर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।


## भारत हो नशे से स्वतंत्र अभियान को लेकर दिलवाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान 2024, विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पानमल पहाडिया द्वारा शपथ दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने परिवारजनों, समुदाय, मित्रगण व पडौसियों को नशे से दुर रहने के लिए समझाएं। इसी के साथ हर घर तिरंगा हेतू छात्राओं ने संकल्प लिया कि वह स्वयं अपने घर पर तिरंगा फहराएगी।

इस अवसर पर प्रीति जैन, डॉ. गुंजन विजय, डॉ. गोगराज, सहायक लेखाधिकारी आरएस मीणा व महेशकुमार सहित कई छात्राएं मौजूद थे।

## जिले में अतिवृष्टि का दौर जारी : जिला कलेक्टर ने अधिकारी एवं कार्मिकों को मुख्यालय पर रहने के दिए निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** मौसम विभाग तथा अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रबंधन एवं राजस्थान जयपुर आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान द्वारा टोंक जिले में अत्यधिक भारी बारिश एवं बाढ़ की संभावना को देखते हुये रेड अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, विगत दिनों से जिले के सभी उपखंड क्षेत्रों में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से जनहानि, पशु एवं आवास हानि हुई है। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश दिए है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने मुख्यालय पर रहेंगे। साथ ही, अपने अधीनस्थ को इस के लिए पाबंद कर अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव के स्थानों को चिन्हित करें। साथ ही, बेघर परिवारों के आश्रय, पानी के निकासी की तत्काल व्यवस्था करेंगे। सभी अधिकारी एवं कार्मिक अपने क्षेत्र में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से हुई किसी भी प्रकार की क्षति एवं जलभराव के संबंध में जिला एवं उपखंड प्रशासन को सूचित करेंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि दिए गए आदेशों की पालना में लापरवाही या असहयोग करने वाले अधिकारी एवं कार्मिकों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## रेलवे अण्डरपास में भरा है पानी, लोगों को हो रही परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** रेलवे लाईन के नीचे बने हुए अण्डर पास लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। लगातार हो रही बरसात की वजह से सभी अण्डर पास में बरसाती पानी भरा हुआ है। जिसके चलते लोगों को कई किलोमीटर लम्बा चक्कर लगाकर अपने गांव पहुंचना पड रहा है। गांव खंडवा व नला के ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे लाईन के 31 नम्बर अण्डरपास किसानों व आमजन की सुविधा के लिए रेलवे विभाग ने अण्डरपास बनाया था। लेकिन सुविधा के अण्डरपास सबके लिए ही दुविधा बन गए हैं। इन दिनों रेलवे लाईन के नीचे बने हुए सभी अण्डरपास बरसाती पानी से लबालब भरे हुए हैं ।

# राज्यपाल का वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन पहुंच कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान प्रदेश के द्वारा राजस्थान के नवनियुक्त राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागडे का स्वागत किया गया। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि 12 अगस्त 2024 को प्रात: 11.00 बजे अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल मंगौड़ी वाले , प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता मंगलम ग्रुप , प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता अनुकंपा ग्रुप के नेतृत्व में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का शाल, दुपट्टा, माला, बुक्के,स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। महामंत्री गोपाल गुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन की कार्य योजना की जानकारी देते हुए वैश्य समाज एवम व्यापारियों वर्ग के हित की रक्षा की मांग की। प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल ने वैश्य महासम्मेलन की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वैश्य महासम्मेलन में 276 घटक उपजातियों में संगठित है जिसकी सम्पूर्ण भारत के राज्यो में जिले एवम तहसील स्तर तक एवम विदेशो में भी संगठन काम कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता ने संघटन की जानकारी देते हुए बताया कि वैश्य समाज सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है वैश्य समाज चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वसमाज की सेवा कर रहा है वैश्य समाज के द्वारा संचालित चिकित्सालयों में रियायती दर पर उपचार की जानकारी दी । महिला विंग की महामंत्री चारु गुप्ता ने महिलाओं के द्वारा सभी जिलों में एक वृक्ष मां के नाम वृक्षारोपण अभियान एवम महिलाओं की शिक्षा एवम सावावलंभी बनाने के लिए चलाए जा रहे प्रक्षिषण के बारे में अवगत कराया। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम विजयवर्गीय, बांसेडा वाले, सांगानेर जयपुर ने वैश्य समाज के द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की वैश्य समाज सदियों से मानव कल्याण , प्रमार्थ सेवा का कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोगी रहते हुए सबसे अधिक राजस्व भी सरकार को देते है । राज्यपाल महोदय ने वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल को सुझाव दिया कि वैश्य समाज एक पहल कर चौराहों पर भिकारी बच्चो को समझा कर एवम उनके परिजनों को प्रेरित कर बच्चो को शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यालय में भिजवाए जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके। वैश्य समाज की और से प्रतिनिधि मंडल में 11 सदस्य राज्यभवन पहुंच कर राज्यपाल महोदय का स्वागत किया।



# जयपुर में केक कंट्री ने विशाल केक काट कर बनाया रिकॉर्ड

## पुलिस के आलाधिकारी सहित अन्य लोग रहे मौजूद
## दो सौ पौंड से ज्यादा का विशाल केक काट मनाई खुशियां

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के करधनी थाना इलाके के कालवाड रोड नौ दुकान स्थित केक कंट्री शॉप में दो सौ पौंड से ज्यादा का विशाल केक कटवा कर खुशियां मनाई गई। यह खुशियां केक कंट्री शॉप की शुरुआत पर मनाई गई। इस दौरान आईजी अनिल टांक, आईजी अशोक गुप्ता,पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईड़वा और सुरेन्द्र सिह नरूका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मालिक राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि आज बड़ा ही खुशी का दिन है और हम हर बड़े त्यौंहार को केक काटकर सेलिब्रेट करते है और करते रहेंगे। शेखावत ने कहा कि उनकी एक शाखा मुरलीपुरा में है तो दूसरी करधनी में शुरुआत हो गई है।

शेखावत ने बताया कि हमारा काम पैसा कमाना नहीं है। हम सेहत को ध्यान में रखकर सेवा देते हैं। हम शूगर के मरीजों के लिए बाजरे कुकीज,रागी आटा कुकीज व सिंगाड़ा कुकीज तक बनाते हैं। इसके अलावा वनिला, ब्लूबेरी व अन्य कई फ्लेवर में केक बनाते हैं। साथ ही बच्चों की पसंद के अनुसार थीम तैयार करते हैं और यह केक पूरी तरह ऐगलेस होगा।

राजपाल सिंह शेखावत ने बताया कि वह 2006 से इस तरह के केक बनाते आ रहे है और इसके लिए वह 2010 से लेकर 2013 तक अमेरिका में स्थित क्रूज के एक होटल में ट्रेनिंग भी की है। उनका शुरू से ही यह मकसद रहा है कि वह अपने लोगों को शुद्ध और सेहत भरा केक खिलाएं। इसी उद्देश्य को लेकर यह शुरुआत की गई है। इस केक कंट्री में बेहतर टीम द्वारा हर फ्लेवर का केक तैयार किया जाता है। गौरतलब है कि पिछले दिनों केक कंट्री द्वारा राम मंदिर थीम पर एक विशाल केक तैयार कर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को भेंट किया गया था।

# फोरहेक्स फेयर ने जयपुर में छोड़ी अपनी छाप

## अवार्ड सेरेमनी में जयपुर फर्नीचर को मिला बेस्ट स्टैंड का अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स (फोरहेक्स) द्वारा 9-12 अगस्त तक जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित हुए फोरहेक्स फेयर 2024 का सोमवार को समापन हुआ। फेयर के अंतिम दिन अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें योजना जयसिंह के जयपुर फर्नीचर को बेस्ट स्टैंड का अवार्ड मिला। इसके साथ ही शुभांकर को बेस्ट स्टैंड अवार्ड केटेगरी में रनर-अप के अवार्ड से नवाज़ा गया। इसके अलावा बेस्ट डिस्प्ले इन आर्टिसन केटेगरी (प्रेजेंटेड बाई ई-नर्चर) में गौकृति और बेस्ट डिस्प्ले इन आर्टिसन कैटेगरी (प्रेजेंटेड बाई डीसीएच) में जयपुर की सुनीता शर्मा को सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने सम्मान समारोह में अवार्ड्स और सर्टिफिकेट प्रदान किये उनके साथ फोरहेक्स कमेटी के सदस्य जसवंत मील, सुनीत जैन,अतुल पोद्दार और रवि उतमानी उपस्थित थे। इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण सासंद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि,पुरानी कला विलुप्त होती जा रही है। इस फेयर के जरिये कारीगरों को मौका मिलता है अपनी कला और संस्कृति को दिखाने और प्रमोट करने का। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रॉस कार्विंग को प्रमोट करने के लिए इंस्टीट्यूट बनाए जाएंगे, जिससे आईटीआर के स्टूडेंट्स कुशल कारीगर बन सकेंगे। ये फेयर कारीगरों, एक्सपोर्ट्स, मैन्युफैक्चर्स और खरीदारों को एक प्लेटफॉर्म पर लाता है। हम एक कमिटी आयोजित करेंगे जिसमें सभी की समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। आने वाले समय में मेक इन राजस्थान में क्रॉफ्ट का काफी योगदान रहेगा। इस दौरान राव राजेंद्र सिंह ने ठीकरी आर्ट की काफी प्रशंसा की। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने फेयर के सभी कारीगरों से मिलकर उनकी कला को अच्छे से जाना और नये टैलेंट को प्रोत्साहित किया। उन्होंने फोरहेक्स कमिटी की उनकी दूरदर्शी सोच की सराहना की तथा मेक इन राजस्थान हैंडीक्राफ्ट के लिए सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस वर्ष फेयर में हुए स्टूडेंट्स कंपीटिशन में पोद्दार इंस्टिट्यूट के डिज़ाइनर निपुण वर्मा और स्टूडेंट शशि पिलानी को 'होम डेकॉर कंपीटिशन' केटेगरी में अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# विशाल कावड़ यात्रा शिव मंदिर बैडाखो धाम पहुंची ग्रामीणों ने कावड़ यात्रा का किया जगह-जगह स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिव सेवा समिति बैडाखो कालेडी के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल बारहवीं कावड़ यात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन हुआ है।

शिव सेवा समिति के महामंत्री लोकेश पाण्डेय ने बताया कि बारहवीं विशाल कावड़ यात्रा अलवर में स्थित संजयनाथ महाराज से प्रारम्भ होकर कालेड़ी बैडाखो में स्थित शिव मंदिर में पहुंची। जिसमें ग्राम वासियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा, नाश्ता, पानी, ठंडाई की व्यवस्था कर यात्रा का स्वागत किया।

पाण्डेय ने बताया कि गोपाल जी मंदिर पाण्डेय की ढाणी से कलश यात्रा एवं कावड़ यात्रा शुरू हुई तो बोल बम ताड़क बम के जयघोष से गूंजायमान हुआ शिव मंदिर। यात्रा में सैकड़ों माता-बहनों ने भाग लिया और कावड़ एवं कलश यात्रा को सफल बनाया। साथ ही दोपहर को भगवान शिव का जलाभिषेक किया एवं पूजा-अर्चना व आरती कर पंगत प्रसादी वितरण की। जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की और बाबा के जयकारे लगाये। साथ ही शिवजी एवं इंद्रदेव की कृपा से बारिश में भी शिव भक्तो ने बड़ी संख्या में भाग लिया नाचते गाते चलते रहे।

ग्रामवासियो ने बताया की पहाड़ो की तलहटी में बसा शिव मंदिर बहुत पुराना मंदिर है जिसमे दूर दूर से लोग आते है। साथ ही इंद्रदेव एवं शिवजी व बालाजी महाराज की कृपा से बारिश से 22 वर्षो बाद नदी, बावड़ी, तालाब भर चुके है।

# मणिपाल हॉस्पिटल कैंसर मरीज़ों के लिए लगाएगा एक विशेष ओपीडी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/सीकर।** जयपुर-स्थित मणिपाल हॉस्पिटल, सीकर में कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए 15 और 22 अगस्त को सीकर में एक विशेष ओपीडी लगाएगा। इस ओपीडी में मशहूर ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. ललित शर्मा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच उपकार हॉस्पिटल, सीकर में लोगों को विशेषज्ञ परामर्श और इलाज प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। विशेष ऑन्कोलॉजिकल केयर की मदद से मरीज़ की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। डॉ. ललित शर्मा सलाहकार मेडिकल ऑन्कोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल्स सीकर ने कहा 'मुंह का कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन जो लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, मदिरा सेवन करते हैं, या फिर जिनके परिवार में ओरल कैंसर का इतिहास रह चुका है, उन्हें यह बीमारी होने का खतरा ज़्यादा होता है। ओरल कैंसर के शुरुआती लक्षणों पर अक्सर ध्यान नहीं जाता है क्योंकि वो सामान्य डेंटल समस्यायों की तरह होते हैं। यदि मुँह में कुछ भी असामान्य विकास दिखायी दे, जैसे मुँह में छाले हो रहे हों, जो ठीक नहीं हो पा रहे हों, मुंह में लगातार दर्द बना हुआ हो, मुंह में लाल या सफेद धब्बे दिखायी दें, बिना वजह रक्तस्राव हो, या निगलने में कठिनाई हो, तो ये कैंसर कोशिकाओं के बढ़ने का संकेत हैं। इनका परीक्षण बायोप्सी, एंडोस्कोपी और इमेजिंग परीक्षणों के माध्यम से किया जा सकता है। हालांकि, इन लक्षणों और संकेतों के बारे में जागरूक होना ज़रूरी है क्योंकि समय पर पहचान से ही इलाज के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।' सीकर में नियमित ओपीडी द्वारा मणिपाल हॉस्पिटल लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना चाहता है, ताकि अच्छे इलाज के लिए उन्हें अपने घर से दूर ना जाना पड़े। मणिपाल हॉस्पिटल्स में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस है। यहाँ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित एवं आधुनिक इलाज और सर्जरी के ज़रूरतमंदों को अत्याधुनिक सुविधाओं द्वारा इलाज मिलता है।

# बेडशीट से फंदा लगा युवक ने की आत्महत्या, आत्महत्या के पहले युवक ने बनाया वीडियो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मानसरोवर थाना इलाके में गत महीने 17 जुलाई को युवक के फंदे से झूलने के मामले में एक नया मोड़ आया है। 23 दिन बाद मृतक के चाचा विरेंद्र सिंह ने गांव में ही रहने वाले एक युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। हेड कांस्टेबल घासीराम के बताए अनुसार नवदीप सिंह चौहान (24) पुत्र किशन सिंह मूलता गंगापुर सिटी बालाघाट हाल नारायण विहार निवासी ने 17 जुलाई को बेडशीट का फंदा बनाकर उसे लटक कर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। 11 अगस्त को मृतक के चचेरे भाई हंसराज वीड़ियों क्लिपिंग के आधार पर गांव में रहने वाले परिचित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। हंसराज का आरोप है कि नवदीप सिंह ने फंदे पर लटके से पहले सुसाइड वीड़ियो नोट बनाया था जिसके बाद वो वीड़ियों उसने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर भी लगाया। नवदीप के परिचितों ने स्टेटस देखने के बाद उसके मोबाइल पर कई बार कॉल किए। लेकिन कॉल रिसिव नहीं होने परिचित नारायण विहार स्थित फॉर्म हाउस पर पहुंचे । जहां पर नवदीप फंदे से झूलता हुआ मिला। वीडियो में गांव के परिचित राजेश शर्मा को ठहराया जिम्मेदार मृतक नवदीप सिंह ने आत्महत्या से पहले बनाए गए वीड़ियों में गांव में रहने वाले परिचित राजेश शर्मा उर्फ खिल्लू को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। वीड़ियों में नवदीप ने बताया कि मै अपने गांव में रहने वाले खिल्लू पंडित उर्फ राजेश शर्मा की वजह से आत्महत्या कर रहा हू । हेड कांस्टेबल घासी राम ने बताया कि मृतक नवदीप सिंह नारायण विहार में एक फॉर्म हाउस में रहकर बंजरी रॉयल्टी का काम करता था।

# ग्राम बैनाड़ दौलतपुरा में जेडीए स्वामित्व की करीब 68 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बैनाड़ दौलतपुरा में खसरा नम्बर-380/1009, 381/365, 389 जेडीए स्वामित्व की करीब 68 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाई गई मिट्टी की डोल, सीमेन्ट के ब्लॉक के बाउण्ड्रीवाल, दीवार, लोहे का गेट लगाकर, तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर उपायुक्त जोन कार्यालय से अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व में नोटिस जारी किये जाकर अतिक्रमणकताओं को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था, परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि-पार्क पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत् उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-12 को पत्र लिखा गया है। उक्त कार्यवाहियां उप नियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# ज्वैलर की दुनिया में लैब ग्रोन हीरों की बढ़ी माँग : राजू मंगोड़ी वाला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मुंबई में बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर पर इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो के 40 वें संस्करण व दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रत्न और आभूषण बी टू बी शो का आयोजन किया गया । जिसमें विश्व भर के व्यापारी ज्वैलरी की ख़रीद फ़रोख़्त करते है।

जयपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व जस शो के को कन्वेयनर राजू मंगोड़ी वाला ने बताया कि इस शो में जयपुर के ज्वैलर्स की बड़ी भूमिका रही । राजू मंगोड़ी वाला ने बताया कि आने वाला समय लैब ग्रोन डायमंड का होगा । हर घर डायमंड की मुहिम अब पूरे देश में चल पड़ी है क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े लैब ग्रोन मैन्युफैक्चरर्स ग्रीन लैब ज्वेलर्स के मालिक संकित पटेल व विपुल पटेल ने बताया कि अब हिंदुस्तान में भी लोग बहुत ही तेजी से लैब ग्रोन डायमंड खरीदने लगे हैं और अब बड़े घरों के लोगों ने भी इस लैब ग्रोन सीवीडी डायमंड की खरीदारी स्टार्ट कर दी है और अपना विश्वास मजबूत किया है।आने वाला समय इसका मार्केट वृद्धि की ओर रहेगा। क्योंकि आम पब्लिक के पंहुच में भी अब शॉ लेटर्स आ गया है।आम आदमी भी वन कैरेट 2 कैरेट डायमंड आसानी से पहन सकेंगे क्योंकि ये रियल डायमंड की प्राइज़ से ये 10 पर्सेंट कॉस्ट पर ही उपलब्ध हो जाता है।

# गोविंद देवजी मंदिर में शुरू हुआ जन्माष्टमी महोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** आराध्य देव श्री गोविंद देवजी मंदिर में सोमवार से अष्ट प्रहर हरिनाम कीर्तन के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का श्रीगणेश हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने सुबह ठाकुर श्री गोविन्द देव जी, श्री गौड़ीय संप्रदाय के सात देवालयों और रूप गोस्वामी जी का पूजन किया। इसके बाद बंगाली कीर्तन मंडल के कलाकारों का तिलक और दुपट्टा से सम्मान किया। बंगाली कीर्तन मंडल के भक्त 27 अगस्त तक 24 घंटे ठाकुरजी के समक्ष संगीतमय हरिनाम संकीर्तन करेंगे।अष्ट प्रहर हरिनाम कीर्तन की स्वर लहरियों के साथ मंदिर के मुख्य मार्ग पर शहनाई और नौबत वादन भी प्रारंभ हो गया। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि 13 अगस्त को शाम को श्री गिरिराज परिक्रमा मंडल की ओर से भजन संकीर्तन होगा। 14 अगस्त को सुबह एसएमएस ब्लड बैंक की ओर से भजन संकीर्तन होगा, वहीं शाम को श्री बलराम सत्संग मंडल के कलाकार ठाकुर जी के दरबार में भजनों के स्वर लहरिया बिखेरेंगे। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को सुबह श्री गोविंद की गैया संकीर्तन मंडल की ओर से भजन संकीर्तन होगा, वहीं शाम को श्री गुरु कृपा सत्संग मंडल की ओर से भजन संकीर्तन का कार्यक्रम होगा।

# कावड़ लेने आए दो चचेरे भाइयों की गलता कुंड में डूबने से मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गलता गेट थाना इलाके में सोमवार को कांवड़ लेने आए दो चचेरे भाइयों की गलता कुंड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वह अपने दोस्तों के साथ कावड़ लेने के लिए गलताकुंड आए थे और नहाने के लिए छलांग लगाने पर दोनों भाई डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) की मोर्चरी में भिजवा कर परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। परिजनों की मौजूदगी में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर उनके हवाले कर दिया गया। एसआई गिरिराज ने बताया कि गलताकुंड में डूबने से सवाई माधोपुर निवासी सोनू (20) और राहुल (23) की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई कानोता में मीना पालड़ी में रहते थे और सोमवार दोपहर को तीन दोस्तों के साथ गलताजी कावड़ लेने आए थे। गलताजी पहुंचते ही सीढ़ियों पर अपने तीनों साथियों को चढ़ता छोड़कर भागते हुए नहाने के लिए जनाना कुंड में छलांग लगा दी। कुछ देर बाद दोनों एक-दूसरे को पकड़ पानी में डूबते दिखाई देने पर लोगों ने हंगामा मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और कुंड में टीम को रेस्क्यू के लिए उतारा। सिविल डिफेंस टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों चचेरे भाइयों के शवों को कुंड से बाहर निकाल कर सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

## जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली एवं तिरंगा यात्रा को रवाना किया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** स्वाधीनता दिवस से पहले देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे के प्रति आमजन में गौरव की भावना उत्प्रेरित करने जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने भारत माता की जय के उद्घोष के बीच तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा रैली एवं तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में विद्यार्थी, अधिकारी एवं आमजन एकत्रित हुए। जिला कलक्टर एवं अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को वंदन करने के बाद हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी देते हुए लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने हाथों में तिरंगा रिबन बांधे एवं तिरंगा हाथ में थामे हुए तिरंगा यात्रा निकली गई। अभियान के तहत आमजन में स्पिरिट ऑफ तिरंगा विकसित करने के लिए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के नेतृत्व में शुरू हुई तिरंगा रैली गांधी पार्क से चूड़ी बाजार से गुजरते हुए रानी पैलेस, राधा बिहारी रोड़ होते हुए बालिका विद्यालय धौलपुर पहुंची। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों में तिरंगा कैनवास लगाया जाकर जय हिंद एवं हर घर तिरंगा लिखा जा रहा हैं। उसके साथ सेल्फी व फोटो लिए जा रहे हैं। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य जन जन तक देश प्रेम की भावना एवं देश गौरव बढ़ाने के लिए आमजन को संदेश देना है।

**जिला कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा हस्ताक्षर अभियान एवं सैल्फी की शुरुआत :** इससे पूर्व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में हर घर तिरंगा अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर कर एक अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जिला कलक्टर ने तिरंगा सैल्फी पॉइन्ट पर फोटो खिचवाई। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को उत्सव की तरह मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिलेवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव की भावना का संचार किया जा रहा है। तिरंगा रैली में घर-घर तिरंगा के देशभक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगे झंडे के प्रति जन जागृति का कार्य किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा के अवसर पर एडीएम ब्रह्मलाल जाट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुक्खो देवी रावत सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुनिया भर में चूरू को पहचान देती हैं यहां की कलाकृतियां : हरलाल सहारण

## विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी एवं जिला प्रमुख वंदना आर्य ने किया तिरंगा मेला का शुभारंभ,



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सोमवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा महिला अधिकारिता विभाग की ओर से उद्योग केंद्र में तिरंगा मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी में चूरू जिले के हस्तशिल्पियों, उद्यमियों एवं राजीविका महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू के दस्तकारों ने अपनी कला से पूरे विश्व में छाप छोड़ी है। यहां के कलाकारों की उकेरी चंदन की कलाकृतियां दुनिया भर में कला-रसिकों का मन मोहती हैं। यहां के राजीविका समूहों ने जुड़ी महिलाओं ने भी एक से बढ़कर एक गतिविधियों से महिला सशक्तीकरण का संदेश प्रवाहित किया है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने चूरू के दस्तकारों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कलाकारों की कलाकृतियां दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर देती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि देशभक्ति और आजादी के लिए उत्साह चूरू के जर्रे-जर्रे में हैं। यही वजह है कि हर घर तिरंगा अभियान में एक से बढ़कर एक बेहतरीन कार्यक्रम यहां आयोजित किए जा रहे हैं।

इससे पूर्व अतिथियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य एवं जिला कलक्टर ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत तिरंगा कैनवास पर हस्ताक्षर किए तथा सेल्फी पाइंट का शुभारंभ किया। अतिथियों ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शित चंदन कलाकारों की कलाकृतियां, ढाढर के प्रगतिशील किसान दंपति द्वारा तैयार विभिन्न हर्बल एवं ऑर्गेनिक प्रोडक्ट, राजीविका महिलाओं द्वारा तैयार साबुन, पापड़-बड़ी तथा अन्य उत्पाद, मोजड़ी, फर्नीचर, बूंदी-बंधेज सहित विभिन्न उत्पादों की सराहना की।

**कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने बिखेरा साहित्य रस :** इसी क्रम में तिरंगा मेले के दौरान काव्यशाला के तत्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन में जिले के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को आकर्षित किया। साहित्यकारों ने अपने व्यंग्य, देशप्रेम की कविताओं, प्रेम रस, वीर रस सहित काव्य रचनाओं से सरोबार कर साहित्य की छठा बिखेरी। इस दौरान डॉ महेश शर्मा ने साहित्यकारों की रचनाएं सुनकर कहा कि आदिकाल से ही काव्य व साहित्य सामाजिक जागृति का मजबूत जरिया रहा है। वर्तमान में सामाजिक सोहार्द व भाईचारे को बढ़ाते हुए देशप्रेम की भावनाओं का भावी पीढ़ी तक संचार करने की दिशा में साहित्यिक रचनाओं का सहयोग अपेक्षित है। इस दौरान रीको आरएम एसके गुप्ता, डॉ महेश शर्मा, एपीआरओ मनीष कुमार, एलआईसी विकास अधिकारी सुरेन्द्र बाकोलिया, पवन कलाकार सहित मंचस्थ रहे तथा अनुराधा मोयल, संदीप जांगिड़, पिंटू शर्मा, अंजलि गोयल, कुमार सोनू, अमित कुमार, मुकेश कुमार शर्मा सहित साहित्यकारों ने साहित्यिक प्रस्तुतियां दी। संचालन रोहिताश कड़वासरा ने किया।

## जिला कलक्टर ने किया शहर के जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिले में जारी भारी बारिश के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने शहर के प्रभावित जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सैंपऊ रोड़, जगदीश तिराहा एवं बाड़ी रोड पर स्थित दुकानों एवं बाजार के जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने नगर परिषद को जल भराव क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या के तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये साथ ही सुरक्षात्मक उपायों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया। इससे पूर्व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सोमवार सुबह उर्मिला सागर बांध का मौका निरीक्षण किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट साथ मौजूद रहे।

## बिना फिटनेस संचालित भार वाहनो की आर.सी. का किया निलम्बन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने अवगत कराया कि वाहन पोर्टल पर उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार जिन भार वाहनो के फिटनेस प्रमाण पत्र वैध नही है, जो कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आमजन को हानि पहुँचा सकते है एवं साथ मे बकाया टैक्स मे डिफॉल्टर है ऐसे वाहनों के वाहन स्वामियों को नियमानुसार वाहनों के पंजीयन निलम्बन हेतु कई बार नोटिस प्रदान कर तथा डिजीटल माध्यम के द्वारा वाहन स्वामियों के मोबाईल नम्बर पर अपना पक्ष रखने हेतु मैसेज भी करवाकर अपना पक्ष रखने हेतु समुचित अवसर प्रदान किया गया, नियत दिनांकों को सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं होने पर ऐसे वाहन स्वामियां के 426 वाहनों का सम्बन्धित कानूनी प्रावधान एवं मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53(1)( I) के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र का निलम्बन इस कार्यालय द्वारा कर दिया गया है। वाहन स्वामियो से अपील की जाती है कि कार्य दिवस में आपत्ति/अपील हेतु जिला परिवहन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## स्कूलों में आगामी आदेशों तक अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** राजस्थान समेत पूरे धौलपुर जिले में हो रही तेज बरसात के चलते स्कूलों में आगामी आदेशों तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दायुदयाल शर्मा ने जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अवकाशित घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। राजस्थान सहित धौलपुर जिले में बीते दिनों से लगातार हो रही तेज बरसात तथा नदी और नालों में पानी की आवक होने के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धौलपुर जिला प्रशासन की ओर से स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## बोरिंग मशीनों के लोहे के बिट्स चुराने वाले गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन शातिर चोरों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी का माल बोरिंग मशीनों के लोहे के बिट्स भी बरामद किए गए है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीनों के लोहे के बिट्स चुराने वाले शातिर चोर रोहित उर्फ बिल्ली,सुनिल बंजारा और नवीन यादव को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपित बिंदायका के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित वारदात करने से पूर्व आवासीय कॉलोनी सहित सुनी बिल्डिंग में रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। आरोपित नशा करने के आदि है और नशा पूर्ति के लिए वारदात करते है। चुराए गए सामानों को फेरी करने वाले कबाडी या किसी अन्य कबाडी को बेचते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## दिव्या महादेव का किया रुद्राभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** शहर की कृष्णा कॉलोनी में सोमवार को कॉलानीवासियों ने सामूहिक दिव्या महादेव का रुद्राभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिव्या महादेव की झांकी सजाकर पंचामृत से अभिषेक किया गया और आचार्य पं. मोहनलाल शास्त्री खणदेवत के सानिध्य में पंडितों ने मंत्राचारणो के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया और धतूरा, भांग, दुग्ध व दही का पंचामृत से अभिषेक किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह, अनिल पारीक, अशोक पारीक, रामधन जाट, सूरज गुर्जर, रामलाल शर्मा, किशन यादव, लोकेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, ममता शर्मा, भैरूलाल जाट, बबलू शर्मा व मनोज शर्मा सहित समस्त कालोनीवासियों ने मिलकर भगवान का अभिषेक किया। इस दौरान आरती करके महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

# आनन फानन में तिरंगा रैली रही फीकी, अधिकारियों ने की इतिश्री



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** मसूदा कस्बे में उपखंड प्रशासन द्वारा आयोजित तिरंगा रैली में आम जनों की सहभागिता नहीं होने से कार्यक्रम महज औपचारिक बनकर रह गया। विधायक के आने से कुछ भाजपा के पदाधिकारी अवश्य नजर आए लेकिन आमजन एक दूसरे से यह पूछते नजर आए कि यह रैली किस बात की निकली जा रही है। वही प्रशासन द्वारा रैली के रास्ते को दुरुस्त नहीं करने से रैली में शामिल अधिकारियों एवं कुछ विद्यार्थियों को कीचड़ में से होकर गुजरना पड़ा। वहीं कुछ सरकारी कारिंदे यह कहते हुए नजर आए की उच्च अधिकारियों के आदेशों की पालन कर रहे हैं। कुछ कार्मिक तो रैली निकलने के कुछ देर बाद शामिल हुवे। वही कुछ कार्मिक पटवारी, गिरदावर तहसील कार्यालय में बैठे गप्पे लड़ाते हुये नजर आए।

## ब्यावर में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा रैली : प्रशासनिक अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ावा देने के लिए की दौड़

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में स्वतंत्रता दिवस के तहत हो रहे कार्यक्रमों में सोमवार को जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने हाथ में तिरंगा लेकर दौडते हुये मुख्य बाजारों से निकले। इस रैली का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाना था। रैली में आगे आगे जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी, जिला परिषद के सीओ गोपाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर लक्ष्मीकांत बालोत, उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड, पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाणा सहित नगर परिषद, तहसील आदि विभागों के अधिकारी हाथ में तिरंगा लिये जिला कार्यालय से आरम्भ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ गन्तव्य स्थान पर पहुंचा। इस अवसर पर रैली का लोगों ने स्वागत किया और हाथ हिलाकर उनका अभिनन्दन किया।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर युवा पीढ़ी में उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत गांव भाबरु में वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के नेतृत्व में तिरंगे वितरित किए गए इस दौरान पवन शर्मा ने कहा युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे युवाओं की जीवनी से प्रेरणा लेकर देश हित में कार्य करना चाहिए भारत के सामने बहुत सी चुनौतियां हैं जातिवाद का जहर देश की फिजाओं में तेजी से फैलता जा रहा है इसलिए सभी को एकजुट होकर राष्ट्र के हित में कार्य करने की जरूरत है घर घर तिरंगा अभियान से सभी को जुड़कर सामुहिक उत्सव मनाना चाहिए इस मौके पर एडवोकेट राहुल मोदी, युवा नेता ओमप्रकाश मीणा,नागर योगी ने भी विचार व्यक्त किए मौके पर उपस्थित लोगों को तिरंगा वितरित किया गया तिरंगा वितरण के समय सुभाष योगी,कृष्ण कुमार योगी, सुरेन्द्र कुमार योगी, निक्की शर्मा, श्रीराम मीना, विजय कुमार,जय सिंह मीना,सौरभ मीणा, जगदीश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर कल्पना ने की आमजन से अपील

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने लगातार वर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में जल भराव को देखते हुये जिलेवासियों से अपील की है कि जल भराव क्षेत्रों नदी, नालों, पोखरों एवं नहरों के आसपास भ्रमण करने व नहाने नहीं जाये एवं अपने परिजनों विशेष कर बच्चों को भी नहीं जाने दें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा लगातार वर्षा की चेतावनी को देखते हुए नदी, नालों, पोखरों एवं जल बहाव क्षेत्रों के आसपास नहीं जायें।

## युवा देश एवं समाज का भविष्य : गौड़

बढ़ता राजस्थान




**सरदारशहर ( नि.स. )।** शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य भारत गौड़ ने बताया कि आज के इस युवा दिवस की थीम क्लिक से प्रगति तक सतत विकास के लिए डिजिटल रास्ते रखी गई है, आज के इस डिजिटल युग में जहां संपूर्ण विश्व है एक ग्लोबल विलेज का रूप ले चुका है, ऐसे में डिजिटल माध्यमों से हम अपने विकास की नई राह चुन सकते हैं। आज के युग में विद्यार्थी, बेरोजगार, नौकरी पेशा, व्यापारी या गृहणी हो सभी डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर अपनी प्रगति की राह चुन सकते हैं। डिजिटल माध्यमों का सकारात्मक और नियंत्रित उपयोग कर हम उनका घर बैठे लाभ उठा सकते हैं। आज के युवा जो संपूर्ण आसमान को अपनी मुट्ठी में कैद करना चाहते हैं उसकी उड़ान में डिजिटल क्रांति का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे में संपूर्ण देश, विश्व और समाज का भविष्य युवाओं के हाथ में है और हमें युवाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनके समाधान हेतु प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में वीणा गौड़, प्रेम प्रकाश नाई, दीपक सेन, सुनील भोजक आदि उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता आनंद मीणा ने किया। कार्यक्रम में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों वंशिका चौधरी, पायल चारण, रुखसार बानो, देवव्रत पारीक, प्रदीप सिंह आदि ने युवा दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये।

## चाकसू में तेज मूसलाधार बारिश से बने बाढ़ के हालात, विधायक बैरवा व एडीएम प्रथम ने लिया हालतों का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** चाकसू क्षेत्र में लगातार वर्षा से बाढ़ के हालत हो गए कई बांध व तालाब भर गए है तो कई की चादर चल रही है। वही तड़के मनोहर तालाब की आड़ा भाटा श्मशान के पास से पाल तोड़कर पास की बस्ती के लोगो को राहत दी गयी । वही सोमवार को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो का चाकसू विधायक रामवतार बैरवा , एडीएम प्रथम सुरेश नवल , उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा , पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा , नगरपालिका ईओ बीएल मीना , तहसीलदार संदीप चौधरी सहित दौरा कर जायजा लिया । वही लबालब बांध व तालाबो के पास स्थित नीचे की बस्तियों के लोगो को दुसरीं जगह जाने की बात कही वही जयपुर में द्रव्य नदी में पानी का वेग से यंहा स्थित छान्देल गांव के पास ढूंढ नदी की रपट पर तेज गति से पानी बहने से आवागमन एक तरह से बन्द हो गया । वही कई लोग सुबह से तालाबो पर भरे पानी की रौनक देखने चले गए जंहा पर लोगो की भीड़ लगी रही ।

## विधायक कुलदीप धनकड़ का शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**पावटा( शशिकांत शर्मा )।** पावटा ब्लॉक के शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने कुलदीप धनखड विधायक विराटनगर का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा की गुरुजनों के द्वारा जो सम्मान मिलता है उसे हमेशा हमेशा के लिए याद रखा जाना चाहिए क्योंकि गुरु ही इंसान को जीवन जीने की कला सिखाता है । इसलिए गुरु का सम्मान करना चाहिए स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष लीलाधर लंबोरा,ब्लॉक अध्यक्ष अशोक शर्मा, दीपक सेन ,हजारीलाल स्वामी, राहुल शर्मा, लक्ष्मीकांत रेवाला, रघुवीर जाट, प्रदीप जांगिड़ ,मंजीत यादव, मनीष ,देशराज सहित अनेक लोग विधायक के स्वागत में उपस्थित रहे।

## नंदी ने किया पांच लोगों को घायल, पालिका प्रशासन ने बमुश्किल किया काबू

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा( नि.स. )।** कस्बे के सिंघानिया धर्मशाला के पीछे वार्ड नं 23 में एक बिगडे नंदी ने राह चलते पांच लोगों को जख्मी कर दिया। जिस पर स्थानीय निवासी शैलेन्द्र शर्मा ने नगरपालिका के कार्यवाहक सफाई निरीक्षक राकेश कुमार व राजकीय पशु चिकित्सालय के पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा को सूचना दी गई। जिस पर पालिका, पशु चिकित्सालय की टीम व एनिमल वेलफेयर संस्था की टीम मौके पर पहुंची और नंदी को बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर बहुत मुश्किल से काबू करके पालिका के ट्रेक्टर ट्राली में बैठाकर गौशाला पहुंचाया गया। पालिका के कार्यवाहक सफाई निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सावन का महिना चल रहा है, मंदिर और कावंड़ियों के द्वारा खुले में भांग, धतुरा या अन्य नशीला पदार्थ डाल देते हैं, जिसके कारण सड़क चलते घुमने वाले गौवंश ऐसे पदार्थ अनजाने में खा लेते हैं और उसी के फलस्वरूप नंदी अथवा गाय इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। राजकीय पशु चिकित्सालय के पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा, रामनिवास भटेश्वर ने मंदिर समिति को इस बाबत नोटिस देने की बात कही, जिससे इस प्रकार के नशीले पदार्थों को खुले में ना फैंके जाएं। इस अवसर पर पालिका जमादार कालूराम व टीम व एनिमल वेलफेयर संस्था के रोशन कुमावत तथा स्थानीय लोगों ने सहयोग प्रदान किया

# वन मंत्री संजय शर्मा ने तिरंगा बाइक रैली में शामिल होकर दिया राष्ट्रप्रेम एवं एकता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को तिरंगा बाइक रैली आयोजित हुई। रैली को वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला कलक्टर आशीष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कम्पनी बाग से तिरंगा झंण्डा लहराकर रवाना किया तथा रैली में स्कूली विद्यार्थियों एवं आमजन के साथ पैदल चलकर देशप्रेम व एकता का संदेश दिया। रैली कम्पनी बाग से पुलिस कंट्रोल रूम, होप सर्कस, चर्च रोड, मन्नी का बड होते हुए वापस कम्पनी बाग पहुंचकर सम्पन्न हुई। वन एवं पर्यावरण मंत्री शर्मा ने कहा कि स्वाधीनता दिवस को हर्षोल्लास से मनाए जाने एवं जन-जन को राष्ट्रीय पर्व के समारोह से जोडने के उद्देश्य से देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जन सहभागिता से तिरंगा यात्रा, तिरंगा मैराथन, तिरंगा शपथ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता, अखंडता, और विविधता का प्रतीक है और हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह इस सम्मान को बनाए रखे। बाइक रैली में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्कूली बच्चों, स्काउट गाइड, पुलिस के जवान एवं बडी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोगों ने तिरंगे के साथ नारे लगाते हुए देशभक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान एडीएम प्रथम वीरेन्द्र कुमार वर्मा, एडीएम द्वितीय परसराम मीना, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, एसडीएम अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, नगर निगम आयुक्त बजरंग सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी, डीटीओ सुरेश यादव, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान एवं पं. जलेसिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में विद्यार्थी एवं आमजन मौजूद रहे।




## बाड़ी विशिनगिर से दर्शन कर लौट रहे चाचा-भतीजे घायल

### गजपुरा के पास गोवंश आने से हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** बाड़ी उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के गजपुरा मोड पर रविवार की रात विशिनगिर बाबा मंदिर पर दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे को सड़क पर आए आवारा गोवंश ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक के सड़क पर गिरने से चाचा-भतीजे घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने निजी साधन से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। बाड़ी अस्पताल में दोनों घायलों का उपचार किया गया। चाचा की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। दोनों घायल बसई डांग थाना क्षेत्र के वरपुरा गांव निवासी हैं।जानकारी के अनुसार डांग क्षेत्र के वरपुरा गांव निवासी ऋषिकेश पुत्र धर्मसिंह गुर्जर अपने चाचा अमर सिंह (62) पुत्र देवी सिंह गुर्जर रविवार को दिन में रामसागर बांध किनारे स्थित बाबा विशिनगिर के दर्शन कराने लाया था। दर्शन करने के बाद रविवार की रात करीब 8 बजे दोनों चाचा-भतीजे बाइक से अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही वे गजपुरा मोड पर पहुंचे। सड़क पर आये आवारा गोवंश से भिड़न्त हो गई। जिससे बाइक सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में चाचा भतीजे सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चाचा अमर सिंह पुत्र देवीसिंह गुर्जर कीहालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर किया है।

## प्रदेश के हजारों शिक्षकों के स्थाईकरण अटके, दो वर्ष का परिवीक्षा काल पूर्ण करने के बाद भी डीईओ नहीं कर रहे स्थाईकरण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजकर परिवीक्षा काल पूर्ण कर चुके शिक्षकों के स्थाईकरण आदेश जारी कराये जाने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने शिक्षा निदेशक को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि राजस्थान तृतीय श्रेणी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती 2021-22 के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में नियुक्त किए गए इन शिक्षकों का 2 वर्ष का संतोष जनक ढंग से परिवीक्षा काल माह मई व जून में पूर्ण हो चुका है । लेकिन प्रदेश के तमाम जिलों में शिक्षा निदेशालय की ओर एसओजी प्रकरण में पिछले पांच वर्षों में नियुक्त कार्मिकों के 12 जुलाई को जारी आदेश के तहत सेवा अभिलेखों का सत्यापन करने के आदेश की गलत व्याख्या कर जिला परिषदों तथा डीईओ की ओर से शिक्षकों के स्थाईकरण आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। वहीं कई जिलों में जारी आदेशों की क्रियान्विती पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में परिवीक्षा काल पूर्ण करने के महीनों बाद प्रदेश के तमाम जिलों के हजारों शिक्षकों को नियमित वेतन श्रंखला के तहत पूरा वेतन नहीं मिल पा रहा है। संघ ने निदेशक प्रारंभिक शिक्षा से प्रदेश की समस्त जिला परिषद एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा को आदेश जारी कर परिवीक्षा काल पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों के स्थाईकरण आदेश जारी कराए जाने हेतु पाबंद करने का आग्रह किया है।

## पार्वती बांध में पानी की अधिक आवक के बाद खोले गये गेट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिले में पिछले दिनों से जारी बारिश के बाद पार्वती बांध में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। पार्वती बांध का जल स्तर बढ़ जाने के बाद सोमवार शाम बांध के 4 गेट दो-दो फीट तक खोले गये हैं। अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन सुरेश मीना ने बताया कि पार्वती बांध का जल स्तर 220.8 मीटर पहुंच जाने के बाद बांध के गेट खोले गये हैं। उन्होंने बताया कि बांध से 4400 मीटर क्यूसेक पानी छोडा जा रहा है। उन्हांने बताया कि बांध से पानी से छोडे जाने के बाद पार्वती नदी की डाउनस्ट्रीम में पानी की आवक बढ़ जायेगी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी उपखंड अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां करने एवं एहतियात बरतने के निर्देश दिये हैं। प्रभावित 36 गांवों में प्रशासन ने आमजन से नदी के पास न जाने की अपील की है।

## एसटी-एससी आरक्षण के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** एसडीएम राधेश्याम मीणा को डॉ. अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी, कर्मचारी संगठन द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण में वर्गीकरण और क्रिमीलेयर लागू करने के निर्णय का विरोध किया गया है और इसे निष्प्रभावी करने की मांग की गई है। ज्ञापन का नेतृत्व संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल ने किया। संगठन ने इस बात पर चिंता जताई कि सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त को एसटी-एससी वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण को मान्यता दी है और इसके आधार पर राज्य सरकारें एससी-एसटी वर्ग की नई सूची बना सकेंगी। संगठन के सचिव जसवंत सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्णय से पहले कोई शोध या डेटाबेस उपलब्ध नहीं होने की बात की है। इसके परिणामस्वरूप कई मतभेद और विसंगतियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से इस निर्णय को निष्प्रभावी करने की अपील की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कोषाध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, राधेश्याम, राकेश कुमार, रामअवतार, करण सिंह, वासुदेव प्रसाद, मानसिंह, रघुवीर सिंह, अमर सिंह मीणा, राजवीर सिंह मीणा, हरिसिंह मीणा, जामवंत मीणा, मोहर सिंह बौद्ध, हर्षित सिंह बौद्ध, पूरन सिंह, जसवंत सिंह, कमल सिंह मीणा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## राजगढ़-टहला क्षेत्र में लगातार तेज बारिश के चलते व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे जिला कलेक्टर और एसपी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** उपखण्ड क्षेत्र सहित आस-पास के क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते जिला कलक्टर आशीष गुप्ता एवं जिला पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने आज टहला में मानरोवर बांध एवं मंगलसर बांध का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने मानसरोवर बांध पर चल रही चादर का निरीक्षण कर उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संयुक्त निगरानी रखकर किसी भी अप्रिय घटना व जनहानि की रोकथाम हेतु बांध पर लोगों की आवाजाही को रोका जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि बांध क्षेत्र में मिट्टी कटाव व बांध में रिसाव जैसी स्थिति पाए जाने पर तुरन्त रोकथाम के उपाय करें। जल जनित अप्रिय घटनाओं की रोकथाम के लिए आसपास के लोगों सहित आमजन को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में अच्छी बारिश हो रही है अतः वर्षा जनित घटनाओं की रोकथाम हेतु स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की दुर्घटना की सूचना तुरन्त दी जावे। उन्होंने मंगलसर बांध का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर तहसीलदार दुष्यन्त शर्मा, थानाधिकारी ब्रजेश सिंह तंवर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## बाढ़ आपदा एवं राहत हेतु सभी रहें अधिकारी सचेत, जमीनी स्तर पर हितधारकों को रखें अलर्ट मोड पर : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जिला श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी हितधारक विभाग मानसून को देखते हुए सभी तैयारियां पूर्ण रखे, जल निकायों के पास सुरक्षात्मक साइनेज लगाये जायें एवं आमजन को जल निकायों से दूर रहने हेतु अपील की जाये। जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाढ़ के प्रति तैयारियों हेतु नागरिक सुरक्षा बल के जवानों के पास राहत बचाव के उपकरण पूर्ण एवं तैयार रखा जाना सुनिश्चित करें। बाढ़ आपदा एवं राहत हेतु सभी अधिकारी सचेत रहें एवं जमीनी स्तर पर भी हितधारकों को अलर्ट मोड पर रखें। उन्होंने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आमजन बांध, तालाब, नदियों इत्यादि के किनारे नहीं जायें एवं इन स्थानों पर नागरिकों की सुरक्षा हेतु उन्हें न जाने की सलाह दी जाये।

उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल की नियमित जांच कराये जाने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में जल भराव वाले स्थानों पर एन्टीलार्वा रसायनों के छिड़काव हेतु निर्देशित किया ताकि स्थिर जल वाले क्षेत्रों में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम की जा सके। उन्होंने पशुपालन विभाग को बारिश के मौसम को देखते हुए आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने संपूर्णता अभियान के तहत रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच को सैचुरेट करने के निर्देश दिए। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तोमर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रियंका प्रजापत स्वयंसेवक जलवायु परिवर्तन संरक्षण हेतु चलाएंगी अभियान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली में आयोजित 'यूथ लेड ऐक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज' विषय पर 6-10 अगस्त,2024 तक पांच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अलवर जिले से प्रियंका प्रजापत ने राजस्थान का नेतृत्व किया तथा पूर्व में भी वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जापान, ताइवान, वर्ल्ड सेंटर संगम आदि अन्य प्रोजेक्ट्स पर प्रतिनिधत्व कर चुकी है। इन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु बहुत तेजी से बदल रहा है जिसके विध्वंस परिणाम सामने आ रहे है। इसका तात्पर्य पृथ्वी की पर्यावरणीय स्तिथियों में परिवर्तन से है। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। यह पृथ्वी पर जीवन को विभिन्न तरीकों से प्रभावित कर रहा है जिसके कारण पौधों और जानवरों की कई प्रजातियां विलुप्त हो चुकी है। मनुष्य ने अपनी ज़रूरत और लालच के कारण कई ऐसी गतिविधियां की है जो न केवल पर्यावरण बल्कि खुद को भी नुकसान पहुंचा रही है। प्रियंका निवासी अशोका टाकीज अलवर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माताजी श्रीमती बिमलेश, पिताजी श्री ओमप्रकाश प्रजापत (सेवानिवृत्त एम.ई.एस.),भाई एकांश व मैडम कल्पना शर्मा जी (सी.ओ.) का धन्यवाद व्यक्त करके कहा कि अगर हर इंसान पर्यावरण में योगदान देना शुरु कर दे तो हम भविष्य में अपने अस्तित्व के बारे में सुनिश्चित हो सकते है।

इस विषय की गंभीरता को समझते हुए लीडर ट्रैनर वर्कशॉप में भारत के विभिन्न राज्यों के कॉर्डिनेटर के साथ नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, रवांडा व फ्रांस के प्रतिभागियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की। शिविर की अध्यक्षता वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड एंड गर्ल स्काउट की प्रतिनिधि एल्सा कार्डोना(इंग्लैंड) तथा पास्कलीन उमुलिसा(रवांडा), नेशनल कॉर्डिनेटर श्री नवीन गौतम, डिप्टी डायरेक्टर श्री अरूप सरकार द्वारा की गई तथा अंत में डॉयरेक्टर मैडम दर्शाना पावसकर जी द्वारा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया व शपथ दिलवाई गई की हम अपने जीवन में प्राकृतिक संसाधनों का मितव्ययिता के साथ प्रयोग करेंगे व पृथ्वी को स्वस्थ रखने में योगदान देंगे।

## बांग्लादेश में हो रहे हिंदू परिवारों पर हमलो का विरोध, विश्व हिन्दू परिषद ने सौंपा देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन, दबाव बनाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद हावी हुई कट्टरपंथी शक्तियों द्वारा बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं जिसके समाचार लगातार मीडिया द्वारा प्रकाशित हो रहे हैं ऐसे में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हम लोगों को लेकर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन एसडीएम राधेश्याम मीणा को सौपा है। उक्त ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद सहित तमाम हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी ने मांग की है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू परिवारों पर हो रहे जानलेवा हमलो और हिंसा को रोके जाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाया जाए जिससे उनका जीवन बच सके और उन्हें सुरक्षा मिल सके।



विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ जितेंद्र गुलपारिया ने बताया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में जब से तख्तापलट हुआ है। शेख हसीना द्वारा इस्तीफा देकर देश से पलायन किया गया है। तब से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू परिवार खतरे में आ गए हैं। कट्टरपंथी शक्तियां वहां तांडव मचा रही है और हिंदू परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। इसके लगातार समाचार विभिन्न स्तरों पर मिल रहे हैं। ऐसे में अल्पसंख्यक हिंदुओं के परिवारों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। जिसको लेकर भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाना चाहिए। जिससे वहां पर हिंदू परिवार सुरक्षित हो सके। क्योंकि वर्तमान में हालात यह है कि अल्पसंख्यक हिंदू परिवार तनाव और भयग्रस्त हैं। उनकी बहन बेटियों से सामूहिक दुष्कर्म, बर्बरता, हिंसा, हत्या जैसी घटनाएं हो रही है। जिन पर रोक लगना बेहद जरूरी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री वैद्य गिरीश शर्मा,नगर मंत्री एएस यादव,पिंकी यादव,संदीप शर्मा,ललित शिवहरे विष्णु शिवहरे सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाड़ी में महिलाओं ने निकाली कावड़ यात्रा

### बामणी नदी आश्रम से बरखंडी महादेव मंदिर पहुंची, भोलेनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक किया



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर, (राजू शर्मा)।** सावन के चौथे सोमवार को बाड़ी के विभिन्न शिवालयों में सुबह से आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। भगवान भोलेनाथ को गंगाजल के साथ बेलपत्र और भांग, धतूरा जैसे प्रिय प्रसादी लगाई गई। वहीं, गंगाजल और दूध की धारा से अभिषेक हुआ। शहर में सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। वहीं, दूसरी ओर शहर के कायस्थ पाड़ा और मास्टर कॉलोनी की दर्जनों महिलाओं ने शहर में पहली बार कावड़ यात्रा निकाली। जो बामणी नदी आश्रम से शुरू होकर बरखंडी महादेव मंदिर पहुंची। जहां महिलाओं ने गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

कावड़ यात्रा को लेकर शहर के कायस्थ पाड़ा निवासी श्रद्धालु महिला सुनीता सोनी, संगीता वर्मा, मधु सोनी, रमाबाई स्वर्णकार, लता शर्मा, रामभुली शर्मा ने बताया कि पहली बार उन्होंने कावड़ यात्रा का आयोजन किया है। ये कावड़ यात्रा शहर के सरमथुरा रोड स्थित राम दरबार बामणी नदी आश्रम से शुरू की गई। जिसमें गाजे-बाजे और भगवान के भजनों के बीच भगवान भोलेनाथ के गंगाजल को कंधों पर कावड़ के रूप में लाया गया। करीब 3 किलोमीटर दूर बरखंडी महादेव मंदिर पर यात्रा जाकर संपन्न हुई। जहां भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया। शहर के आचार्य गांधी पचौरी ने बताया कि इस बार सावन में पांच सोमवार हैं। ऐसे में ये अद्भुत सहयोग बना है और इसी को लेकर शिवालयों में विशेष श्रद्धा और आस्था देखने को मिल रही है।

## कोटपूतली में लहराया राष्ट्रीय गौरव का झंडा, 'हर घर तिरंगा' यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** शहर मे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सोमवार को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन कर देशभक्ति का नया अध्याय जोड़ा। राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से एलबीएस कॉलेज ग्राउंड तक निकली । इस यात्रा में हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोग देशभक्ति के जज्बे से ओत-प्रोत दिखाई दिए। विधायक हंसराज पटेल ने देश के लिए कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि, 'तिरंगा हमारी शान है। आज इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम देश के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।' इस यात्रा में स्कूली बच्चों के साथ तिरंगा हाथों में लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। यात्रा में अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।इस उपलक्ष पर विधायक हंसराज पटेल तथा एडीएम योगेश डागुर ने विद्यार्थियों ने विकसित भारत के लक्ष्य,गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व,एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना कि शपथ और संकल्प लिया गया।हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा अपर कलेक्टर योगेश कुमार डागुर के मार्गदर्शन में देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तथा समाज के हर वर्ग द्वारा जन सहभागिता निभाई जा रही है।इस अवसर पर एएसपी नेम सिंह, उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी, उप अधीक्षक राजेंद्र बुरड़क, सहित जनप्रतिनिधि व लगभग 1500 बच्चों ने रैली में भाग लिया।



## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित, युवाओं ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पूरे भारत में एक साथ नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम के क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शपथ दिलाई।डागुर ने युवाओं को नशा मुक्त रहने के लिए शपथ के बारे में बताते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं। युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास के महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हम सब मिलकर अपने जिले को, अपने राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय करें और प्रतिज्ञा लें कि हम अपने देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे।इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि,बड़ी संख्या में युवा व विद्यार्थी मौजूद रहे।



# जिले के 15 बांध झलके 8 में पानी की आवक जारी

## जिला मुख्यालय पर एसडीआरएफ की टीम एक्टिव, बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर आपात स्थिति होने पर सूचना दे सकेंगे आमजन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** जिले में हो रही बरसात से 15 बांध झलक उठे है, वहीं 8 बांधों में पानी की आवक लगातार बनी हुई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार बूंदी जिले में एक जून से 12 अगस्त तक 620.42 एमएम औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जो गत वर्ष की इस अवधि से 242.34 एमएम औसत अधिक है।

### इन बांधों पर चली चादर

जिले के बरधा डेम, इन्द्रगढ स्थित चाकन डेम, भीमलत, पाई बालापुरा बांध, अभयपुरा बांध, बडानयागाव, इंद्राणी, बसौली, बटावदी, मोतीपुरा, चांदा का तालाब, नारायणपुरा, रोणिजा, माछली, सथूर माताजी बांध पर चादर चल रही है। वहीं 34.50 फिट क्षमता के गुढा डेम में अब तक 29.80 फिट पानी की आवक हुई है। इसी तरह गरड़दा में 59.71 फिट, बूंदी का गोठडा में 23 फिट, दुगारी में 2.90 फिट, पेच की बावडी में 9.80 फिट, बांक्या का खाळ में 6.33 फिट, मरडिया में 14.83 फिट, मेण्डी में 3 फिट पानी की आवक हुई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभारी सत्यवान शर्मा ने बताया कि बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की गई है। इसके तहत जिला स्तर पर 10 सदस्यों की एसडीआरएफ टीम एक्टिव है। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा के निर्देशानुसार संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी बारिश के दौरान जल भराव वाले क्षेत्रों पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान किसी भी तरह की समस्या होने पर आमजन जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0747-2442305 पर सूचना दे सकेंगे।

# तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला कलक्टर ने किया हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

## तिरंगा और नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए सोमवार को जिलेभर में राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा और जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने शहर के हायर सैकेण्डरी स्कूल परिसर से तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस हर्ष एवं उत्साह से मनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने तिरंगा रैली के दौरान स्कूली बच्चों को तिरंगा शपथ एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ भी दिलाई। जिले की सभी राजकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें आमजन के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं ने शपथ भी ली। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, स्काउट सीओ सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# निकाली तिरंगा रैली, छात्र छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ोदिया में तिरंगा यात्रा निकाली। रैली को उप प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान तिरंगा यात्रा बड़ोदिया कस्बे के गली मोहल्लों होकर से गुजरी। तिरंगा यात्रा में भारत माता और वंदे मातरम की गूंज रही। वरिष्ठ अध्यापक रेहाना चिश्ती ने छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए देश हित में नशा न करने की ओर सभी प्रकार के दुर्व्यसनों से दूर रहने की शपथ दिलाई । इस दौरान असलम हुसैन ,राजेश बैरवा, रेहाना चिश्ती, अंशुल जैन,आरिफ हुसैन, अनीता गौतम, लक्ष्मी नारायण सैनी एवम शारीरिक शिक्षक यदुनंदन सिंह परिहार सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने दिखाई हरी झंडी

# सात दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का ब्लॉक कपासन में आज समापन होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ब्लॉक स्तरीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सात दिवसीय आयोजन का मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति समारोहपूर्वक समापन किया जायेगा। जानकारी अनुसार सात दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया जा रहा है।जिसमे जिला एवं क्षेत्रीय शिक्षा विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जिससे सशक्त प्रशिक्षणार्थी अपने विद्यालयों में विद्यार्थियो को उत्तम प्रशिक्षण प्रदान कर सके। इधर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण की दक्ष प्रशिक्षक पिंकी शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रत्येक दिवस के सत्र की शुरुआत योग प्राणायाम एवं व्यायाम के साथ हुई।इसके उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा में पारंगत बनाने हेतु विभिन्न आत्मरक्षा के गुर,मार्शल आर्ट,सॉफ्ट टेक्निक्स एवं कराटे सिखाए गये।साथ ही प्रशिक्षण के छटें दिवस हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।उक्त प्रशिक्षण में ममतारानी शर्मा, नीलम जाट एवं पूजा बिजारनिया दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त ब्लॉक स्तर पर आयोजित सात दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक समापन किया जायेगा।

# छटी शरीफ की महफिल से हजरत दीवाना शाह के 83वें तीन दिवसीय उर्स का हुआ आगाज

## आम जायरीनों हेतु उर्स में सुरक्षा, वाहन पार्किंग इत्यादि माकूल व्यवस्थाओं का प्रबंध

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** हजरत ख्वाजा गरीब नवाज़ र.अ. की छटी शरीफ की महफिल से हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें तीन दिवसीय उर्स का सोमवार को आगाज़ हुआ। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर के 83वें तीन दिवसीय उर्स का आगाज 12 अगस्त 6 सफर सोमवार प्रातः 9 बजे शाही महफिल खाने मे हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज र.अ. की छटी शरीफ की महफिल से हुआ।औलिया मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना अंसारूल हक के तिलावते कलाम के बाद हाजी मोहम्मद सईद अंसारी की दीवाना मीलाद पार्टी ने महफिले मीलाद स.अ.व. पढी, सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तर प्रदेश की 21 कव्वाल पार्टीयो ने बारी-बारी से सुफियाना कलाम पेश किए एवं राज बैण्ड उदयपुर ने अपने अंदाज मे सलामी दी। शादियाने बजाये गये। भीलवाडा,गंगरार,जावद व स्थानीय हुसैनी बैण्ड ने सलामी पेश की। चित्तौड़गढ़ एडिशनल एसपी मुकेश सांखला,पुलिस उपाधीक्षक अनिल सारण,थानाधिकारी रतन सिंह, राशमी,भेसरोडगढ़,भूपालसागर,आकोला थानाधिकारी सहित 300 चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।उपखण्ड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर द्वारा तहसीलदार जगदीशचन्द्र बामनिया, गिरदावर,पटवारी,मेडिकल डिपार्टमेन्ट, अग्निशमन, एम्बूलेन्स आदि राजकीय कार्मिकों द्वारा ड्यूटी ज्वाईन कर ली है।

दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से 100 सिक्यूरिटी गार्ड,100 स्वंय सेवको ने सेवाऐ शुरू कर दी है। लंगरखाना मे दोनो वक्त लंगर तकसीम करना शुरू कर दिया है,पूरे दरगाह परिसर,टेन्ट,लाईट,सजावट कार्य पूर्ण हो चुका है।जायरीने दीवाना हेतु छाया- पानी आदि सुविधाओं की माकूल व्यवस्था कर दी गई है।मेला ग्राउण्ड मे 700 से उपर अस्थाई दूकाने व डोलर,झूला-चकरी वालो ने अपना व्यवसाय शुरू कर दिया है।

मंगलवार बादे नमाज़े ईशा के महफिले मीलाद के बाद कव्वाल हज़रात अपने-अपने कलाम पेश करेंगे।बुधवार प्रातः देग का खाना तकसीम होगा। 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी।जोहर की अजान से पहले कुल की फातिहा होगी।गुरूवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दीदार हेतु खोले जायेंगें।

# मौसमी बीमारियों का प्रकोप उपजिला चिकित्सालय कपासन में मरीजों की संख्या बढ़ा रहा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप जारी रहने से उपजिला चिकित्सालय केंद्र पर सैकड़ों मरीजों द्वारा उपचार लाभ लेने का दौर जारी है।

जानकारी अनुसार मौसमी बीमारियों के प्रकोप तले नगर के राजमार्ग स्थित उपजिला चिकित्सालय केंद्र पर मौसमी बीमारियों से ग्रसित सैकड़ों मरीजों द्वारा उपचार लाभ लेने का दौर जारी है।यहां प्रतिदिन नगर एवं ग्रामीण क्षैत्र के सर्दी,जुकाम,खांसी,बुखार, उल्टी,दस्त आदि मौसमी बीमारियों से ग्रस्त सैकड़ों मरीजों द्वारा उपचार लाभ लिया जा रहा है।जिसके तहत सोमवार को मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा एवं डॉ. नरोत्तमपाल सिंह द्वारा करीब 300-400 मरीजों को उपजिला चिकित्सालय कपासन पर आवश्यक परामर्श के साथ उपचार प्रदान किया गया।

इधर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को संपर्क में बताया कि मौसम परिवर्तन एवं बरसाती मौसम के चलते मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है।क्षैत्र के आमजन को जागरूकता के साथ मौसमी बीमारियों से स्वयं एवं अपने परिजनों को सुरक्षित रखना चाहिए।जिसमे खानपान एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें जाने की आवश्यकता है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत समिति कपासन में विविध कार्यक्रमो का आयोजन

## प्रधान चौधरी ने नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवन का आनंद उठाने हेतु प्रेरित किया






बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारत सरकार द्वारा देशभक्ति की भावना एवं स्वतंत्रता दिवस में अपनी सहभागिता हेतु आयोजित ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर पंचायत समिति कपासन में विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल ने बताया कि 13 से 15 अगस्त 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करना है।इस कार्यक्रम की सफलता हेतु आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से सभी नागरिकों एवं ग्रामीणों को जुड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा 10 अगस्त से विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत सोमवार 12 अगस्त को पंचायत समिति परिसर में तिरंगा शपथ ली गई।साथ ही सेल्फी पोईन्ट बनाया तथा केनवास सिग्नेचर बोर्ड पर देशभक्ति के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान एवं नशामुक्ति अभियान चलाया गया।जिसमें सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग द्वारा नशामुक्ति अभियान का संदेश दिया गया।

पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी ने कहाकि जन समुदाय सहित अपने परिवार,मित्र एवं स्वयं को नशामुक्त करावें तथा स्वस्थ जीवन का आनन्द लेवें।साथ ही प्रधान चौधरी ने कहाकि महिला हो या पुरूष कोई भी किसी भी प्रकार का नशा नही करें।इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी बंशीलाल खटीक,महेन्द्र चोरडीया,लोकेश चंडालिया,बाबुलाल कुमावत, आशा धाकड़, शांतिलाल अहीर,आशी त्रिपाठी,भरत खिंची,रतन सुखवाल,घनश्याम भाण्ड,प्रेम जाट,जगदीश जाट, बालु हेडा,नारायण पारीक,किशन जाट सहित अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## कस्बे में विशाल कलश यात्रा का हुवा आयोजन

# पांच हजार एक सो इक्कावन महिलाओं ने उठाये कलश प्रशासन ने सुरक्षा में लगाया चार जिलो का पुलिस जाप्ता



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में पवित्र पावन सावन मास के तीसरे सोमवार को नगर में बोल बम कांवड़ यात्रा संघ ,माँ दुर्गा वाहिनी सेना के संयुक्त तत्वाधान में नगर में पांच हजार एक सो इक्कावन महिलाओं के द्वारा विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापार संघ उपाध्यक्ष व समाज सेवी सामाजिक कार्यकर्ता काना राठौर की ओर से श्री राम हनुमान मंदिर रोड पर विशाल निशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया।जिसका नगर की जनता व कलश यात्रा में शामिल भक्तजनों व महिलाओं ने भोजन कर प्रसादी का लाभ लिया।कलश यात्रा स्टेशन चौराहे से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से पूजा आरती के बाद शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस महादेव मंदिर जाकर समापन किया गया। इसके पश्चात दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।कलश यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान झंडा चोक पर बोल बम कांवड़ यात्रा संघ के अध्यक्ष कालू राठौर व विशाल भंडारे के आयोजक काना राठौर का व्यापार संघ की ओर से अध्यक्ष मनोहर ओसवाल व गौतम जैन ने साफा बांधकर माला पहनाकर स्वागत किया।

इसके अतिरिक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदस्यों व ग्राम पंचायत व पोरवाल समाज एव समाजसेवी बगदीराम गायरी परिवार सहित और कई सामाजिक संगठनों ने भी काना राठौर व कालू राठौर का साफा बांध कर स्वागत किया।कार्यक्रम में 10 फिट के हनुमान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला ,सुरक्षा व्यवस्था में कोटा ,बूंदी बांरा ,झालावाड़ चार जिलों से पुलिस जाप्ता मंगवाकर लगाया गया व दो दर्जन से अधिक महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई।सारी व्यवस्था की देख रेख में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा,थाना प्रभारी नंद किशोर वर्मा ने पूरी यात्रा के दौरान उपस्थित रहकर निगरानी की ।जिसकी नागरिको ने काफी सराहना की ।

# निम्बोदा में लघु सिंचाई परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन को लेकर विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण

## बांध के निर्माण के लिए उचित भौगोलिक स्थिति को लेकर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों से राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा बजट में निम्बाहेड़ा विधानसभा के कनेरा घाटा क्षेत्र के निम्बोदा में लघु सिंचाई परियोजना की घोषणा के साथ ही इसके निर्माण की क्रियान्विति शुरू हो गई है। इसी क्रम में सोमवार को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक कृपलानी ने निम्बोदा क्षेत्र में 20 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली इस सिंचाई परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन के लिए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के साथ भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री एवं जिप सदस्य गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगदीश धाकड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश काबरा, सरपंच बद्री नायक, पूर्व सरपंच शंभू दान चारण, ओंकार सिंह, सुरेश धाकड़, गोपाल धाकड़, मंडल महामंत्री शिवलाल धाकड़, रवि मारू, मंडल उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर, गोपाल कृष्ण सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष वैष्णव, युवा मोर्चा महामंत्री विनोद अहीर, राहुल जैन, भुरालाल बंजारा, जय सिंह बंजारा, किशन महाराज, भगीरथ चारण, गणेश धाकड़, कन्हैयालाल, किशनलाल, शांतिलाल मेघवाल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता राधेश्याम जाट से बांध के स्थान की भौगोलिक स्थिति का अवलोकन कर चर्चा की। सहायक अभियंता राधेश्याम जाट ने बताया कि निम्बोदा लघु सिंचाई परियोजना बांध के निर्माण से निम्बोदा, गुंदारेल सहित आस पास की करीब 250 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई हो सकेगी। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा निम्बोदा एवं गुंदारेल क्षेत्र में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आग्रह पर विधायक कृपलानी ने कहा कि इसका सर्वे करवाकर निर्माण करवाया जा रहा है, आगे बजट की कमी आने पर सरकार से और राशि स्वीकृत करवाई जाएगी। एईएन जाट ने बताया कि इस लघु सिंचाई परियोजना की डीपीआर तैयार करवाकर वित्तीय स्वीकृति के लिए विभाग को भेजी जाएगी, जहां से स्वीकृति जारी होते ही बांध निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी।

# इलेक्ट्रोपैथिक चिकित्सकों ने सीएम का अभिनन्दन कर जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद राजस्थान के संरक्षक डॉ. आर बी. गुप्ता एवं कोटा सम्भाग प्रभारी डॉ शादाब अहमद ने बताया की मुख्यमंत्री द्वारा इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन के साथ ही पाँच करोड़ का अलग से बजट आवंटन किए जाने पर मुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का स्वागत अभिनंदन समारोह आयोजित किया ।जिसमें संपूर्ण राजस्थान के चिकित्सा परिषद से जुड़े हुए हज़ारों चिकित्सकों ने भाग लिया । इस अभिनंदन समारोह में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद राजस्थान के अध्यक्ष डॉ हेमन्त सेठिया ने कहा कि पिछले तीस सालों के संघर्ष के बाद और बिना किसी कारण पिछली सरकार ने इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड नहीं बनाया जबकि इलेक्टोपैथी सस्ती व राजस्थान के स्वास्थ्य हितार्थ एक निरापद एवम् दोष रहित चिकित्सा पद्धति है । इस अपूर्ण एवम् ऐतिहासिक कार्य को हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्ण करके इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड बनाया साथ ही पाँच करोड़ का प्रारंभिक बजट भी आवंटन किया । विधायक गोपाल लाल शर्मा ने राजस्थान की जनता के हितार्थ मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया । साथ ही विधायक ने इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के तीव्र विकास को लेकर अलग से भवन आवंटित किए जाने की माँग रखी। समारोह में कोटा सम्भाग के सभी चिकित्सकों ने भाग लिया। जिसमें प्रमुख चिकित्सक इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद जयपुर के संरक्षक डॉ आर बी गुप्ता, कोटा संभाग प्रभारी डॉ शादाब अहमद,जिला सचिव डॉ महावीर बरदानिया,डॉ सचिन शर्मा ,डॉ हेमंत सिंह ,डॉ रामप्रताप, डॉ संजय गुप्ता ,डॉ एस पी मिश्रा तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेंद्र सिंह चौहान,डॉ सुल्तान आबिद ने जयपुर में आयोजित आभार तथा अभिनंदन सभा में भाग लिया।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# पेपरलीक मामले में 11 ट्रेनी-एसआई को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## अदालत ने कहा- लाखों प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों की भावनाओं के साथ खेला; जमानत याचिका खारिज

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 11 ट्रेनी एसआई और एक कॉन्स्टेबल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस पंकज मित्थल की बेंच ने आरोपियों की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज करते हुए कहा- इन्होंने गंभीर अपराध किया है। इन्होंने लाखों प्रतिभाशाली लोगों की भावनाओं के साथ खेला है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आरोपियों ने अदालत में नियमित जमानत याचिका लगाने से परहेज किया और इसके बजाय केस को टेक्निकली उलझाने का प्रयास किया। जो इनके खिलाफ गंभीर आरोपों को कमजोर करने के लिए पर्याप्त नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के उन तर्कों से भी सहमति जताई। जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ताओं ने पहले अपनी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती नहीं दी थी और उनकी मौजूदा दलीलें केवल जांच से बचने के लिए थीं।

### वकील बोले- आरोपी ट्रायल से बचना चाह रहे

सुप्रीम कोर्ट में सुभाष बिश्नोई, सुरेंद्र कुमार बगड़िया सहित 6 आरोपियों ने एसएलपी दायर करके हाईकोर्ट के जमानत रद्द करने के 8 मई के आदेश को चुनौती दी थी। एसएलपी में कहा गया था कि एसओजी ने उन्हें 24 घंटे अवैध हिरासत में रखकर उनके अधिकारों का हनन किया था। ऐसे में आरोपियों ने संविधान के अनुच्छेद 32 के प्रावधानों के आधार पर उनको रिहा करने की गुहार लगाई थी।

इसका विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कहा- आरोपियों ने यह मुद्दा केवल कानूनी परिणामों से बचने के लिए उठाया है। मामले में चालान भी पेश हो चुका है। आरोपी ट्रायल से बचना चाहते हैं।

### हाईकोर्ट ने जमानत रद्द की थी

हाईकोर्ट ने सीएमएम कोर्ट के 11 ट्रेनी एसआई और एक कॉन्स्टेबल को जमानत पर रिहा करने के आदेश को 8 मई को रद्द कर दिया था। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने सीएमएम कोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए कहा था कि जब कोर्ट ने पहले से गिरफ्तार 14 आरोपियों के संबंध में तथ्य जांचने के लिए डीजीपी को निर्देश दिए थे, तो उस रिपोर्ट के आने से पहले सीएमएम कोर्ट को इन आरोपियों को लेकर डिफरेंट व्यू लेने की कोई आवश्यकता नहीं थी। हाईकोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिए थे कि पहले से लंबित जांच के साथ-साथ इन 12 आरोपियों की गिरफ्तारी के तथ्यों की जांच करके 15 दिन में रिपोर्ट सीएमएम कोर्ट में पेश करें। वहीं, रिपोर्ट आने के बाद सीएमएम कोर्ट अवैध हिरासत के बिंदू को तय करें। दरअसल, जयपुर मेट्रो-द्वितीय के सीएमएम कोर्ट ने 11 ट्रेनी एसआई और एक कॉन्स्टेबल को 12 अप्रैल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

# जयपुर के गलताकुंड में डूबे दो चचेरे भाई, मौत

## दोस्तों के साथ लेने आए थे कावड़, नहाने के लिए छलांग लगाने पर डूबे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के गलताकुंड में डूबने से सोमवार दोपहर दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ कावड़ लेने के लिए गलताकुंड आए थे। नहाने के लिए छलांग लगाने पर दोनों भाई डूब गए। गलतागेट थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से दोनों शव पानी से बाहर निकलवाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। एसआई गिरिराज ने बताया- हादसे में सवाई माधोपुर निवासी सोनू (20) पुत्र राजू कोली और राहुल (23) पुत्र छोटा लाल कोली की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई कानोता में मीना पालड़ी में रहते थे। सोमवार दोपहर करीब 12:45 बजे तीन दोस्तों के साथ दोनों चचेरे भाई गलताजी कावड़ लेने आए थे। गलताजी पहुंचते ही सीढ़ियों पर अपने तीनों साथियों को चढ़ता छोड़कर भागते हुए नहाने के लिए जनाना कुंड में छलांग लगा दी। बारिश के दौरान वहां मौजूद लोगों के बाहर निकलने के लिए आवाज लगाई। कुछ देर बाद दोनों एक-दूसरे को पकड़ पानी में डूबते दिखाई दिए। दोनों युवकों को डूबते देखकर लोगों ने हंगामा मच गया। गलतागेट थाना पुलिस ने सूचना पर तुरंत सिविल डिफेंस टीम को कुंड में रेस्क्यू के लिए उतारा। सिविल डिफेंस टीम को करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों भाइयों के शव मिले। कुंड से शवों को बाहर निकालने के बाद गलतागेट थाना पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

# किरोड़ीलाल मीणा फिर से संभाल सकते हैं मंत्री पद

## आपदा प्रबंधन की स्थिति का ले रहे जायजा, मदन राठौड़ बोले- उनका त्याग पत्र स्वीकार नहीं होगा



बढ़ता राजस्थान

जयपुर। भजनलाल सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके किरोड़ीलाल मीणा एक बार फिर से मंत्री पद संभाल सकते हैं। इसके संकेत अब मिलने लगे है। पिछले दो दिनों से किरोड़ीलाल मीणा प्रदेश में आपदा प्रबंधन की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वे भजनलाल सरकार में ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन विभाग का जिम्मा संभाल रहे थे। मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद किरोड़ी विभाग का कामकाज नहीं देख रहे थे। लेकिन अब अचानक किरोड़ी आपदा प्रबंधन विभाग में सक्रिय हुए हैं। रविवार को उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार से प्रदेश में भारी बारिश से उपजी स्थिति के संबंध में वार्ता की। वहीं, मंगलवार को किरोड़ी पूर्वी राजस्थान के जिलों में जलभराव वाले इलाकों का दौरा करेंगे। आज बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी कहा कि किरोड़ी जल्द कामकाज संभालेंगे। उन्होंने भावनात्मक रूप से मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

### पिछले दो दिन से फिर सक्रिय हुए किरोड़ी

दरअसल, किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों में दौसा सीट नहीं जीतने पर मंत्री पद से इस्तीफा देने की बात कही थी। चुनाव परिणाम में बीजेपी दौसा लोकसभा सीट हार गई। जिसके बाद किरोड़ीलाल मीणा ने सीएम भजनलाल शर्मा को अपना इस्तीफा भेज दिया। इसका खुलासा खुद किरोड़ी ने 4 जुलाई को जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए किया था। उसके बाद से ही किरोड़ी विभाग का कामकाज नहीं देख रहे थे। लेकिन पिछले दो दिन से किरोड़ी प्रदेश में आपदा प्रबंधन को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। रविवार को किरोड़ी ने आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों से प्रदेश की स्थिति के बारे में वार्ता की।

# जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी : अब तक 2 जवान शहीद हो चुके है



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के कोकरनाग में तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अनंतनाग में शनिवार (10 अगस्त) को सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी।

सेना और आतंकियों के बीच हुई गोलीबारी में हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा शहीद हो गए थे। फायरिंग में 2 नागरिक भी घायल हुए थे, इनमें से एक नागरिक की रविवार को अस्पताल में मौत हो गई थी। रविवार (11 अगस्त) शाम को उधमपुर में भी सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। उधमपुर में 3-4 आतंकियों की मूवमेंट देखी गई थी। सेना के मुताबिक, 6 अगस्त को ये आतंकी भाग निकले थे, लेकिन एक बार फिर इनको ट्रैप बनाकर घेर लिया गया है। किश्तवाड़ जिले में रविवार की सुबह जंगल में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से कुछ देर के लिए फायरिंग हुई थी। इलाके में और सुरक्षा बल भेजा गया है। आतंकियों की तलाश जारी है। सुरक्षाबलों को अनंतनाग के कोकेरनाग बेल्ट के अहलान गागरमांडू जंगल में 10,000 फीट की ऊंचाई पर आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद इलाके की घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था।

# पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (12 अगस्त) को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक लगा दी। साथ ही दिल्ली पुलिस और पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई कर रहे जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा- निचली अदालत, खेडकर को राहत देने से इनकार करते हुए उनके खिलाफ लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा को राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पूजा ने 8 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस अफसर रहीं पूजा के खिलाफ पीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### हाईकोर्ट की 3 दलीलें...

- निचली अदालत का फैसला, पूजा के अपराध पर आधारित है। यह तो माना गया कि अपराध हुआ है, लेकिन इस बात पर शायद ही कोई चर्चा हुई है कि मांगी गई जमानत क्यों नहीं दी जा सकती।
- इस केस में कुछ और लोग भी शामिल हैं और साजिश का पता लगाया जाना है, लेकिन जमानत पर कोई चर्चा नहीं हुई है।
- बड़े मामलों में होता यह है कि हम दलीलों में इतने उलझ जाते हैं कि हम मांगी गई राहत को भूल जाते हैं।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक : मुंबई अध्यक्ष बोले- सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे की जिम्मेदारी देवेन्द्र फडणवीस को मिली

बढ़ता राजस्थान




**मुंबई (एजेंसी)।** भाजपा ने राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे का जिम्मा दिया है। मुंबई में देर रात भाजपा कोर ग्रुप की मीटिंग में इस पर फैसला हुआ। बैठक में राज्य के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी मौजूद थे। भाजपा मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि सीट शेयरिंग के बाद पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। बैठक में चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में पीयूष गोयल और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी शामिल हुए।

### 16 अगस्त को एमवीए करेगा विधानसभा चुनावों में गठबंधन की घोषणा

विधानसभा चुनाव को लेकर 8 अगस्त को विपक्षी गठबंधन विकास अघाड़ी ने बैठक की थी। इसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) के नेता मौजूद थे। बैठक में कॉमन मैनिफेस्टो, फॉर्मूले और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया- 16 अगस्त को षणमुखानंद हॉल, मुंबई में एक रैली या बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। उसी दिन महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन का आधिकारिक घोषणा होगी।

विजय ने यह भी बताया कि पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण की अगुवाई में कॉमन मैनिफेस्टो पर काम चल रहा है। हम इस महीने के अंत तक एक-दो बैठकें और करेंगे। इससे पहले 4 अगस्त को विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मुंबई कांग्रेस और महाराष्ट्र कांग्रेस की मीटिंग हुई थी।

**नवंबर 2024 को बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) सरकार का कार्यकाल खत्म होगा-** महाराष्ट्र में इस वक्त बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार है। इसका कार्यकाल 8 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। अक्टूबर 2024 में चुनाव हो सकते हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 2019 में चुनाव हुए थे। बीजेपी 106 विधायकों के साथ राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनी।

मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवसेना और बीजेपी गठबंधन में बात नहीं बन पाई। 56 विधायकों वाली शिवसेना ने 44 विधायकों वाली कांग्रेस और 53 विधायकों वाली एनसीपी के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी बनाकर सरकार बनाई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने।

मई 2022 महाराष्ट्र सरकार में नगर विकास मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 39 विधायकों के साथ बगावत कर दी। वह बीजेपी के साथ मिल गए।

# बिहार के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़, 7 कांवड़ियों की मौत

## चश्मदीद बोला- दुकानदार-श्रद्धालुओं में मारपीट हुई; मृतक के परिजन बोले- वॉलंटियर्स ने लाठीचार्ज किया

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)



**जहानाबाद।** सावन के चौथे सोमवार को बिहार के जहानाबाद में श्रावणी मेले के दौरान सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़ मच गई। इसमें दबकर 7 कांवड़ियों की मौत हो गई। हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना रविवार की देर रात करीब 12 बजे की है।

हादसे की दो वजह सामने आई हैं। पहली- प्रत्यक्षदर्शी मनोज ने बताया, मंदिर के पास फूल बेच रहे दुकानदारों का लोगों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद ही अफरा-तफरी मची। लोग एक-दूसरे पर चढ़कर आगे बढ़ने लगे। मैं भी लाश के नीचे दबा हुआ था, लोगों ने मुझे खींचकर बाहर निकाला। 1-2 मिनट और रहता तो मेरी भी मौत हो जाती। दूसरी- मृतकों के परिजन का आरोप है कि घटना का कारण लाठीचार्ज है। बराबर पहाड़ी पर श्रद्धालु एक तरफ से उतर और दूसरी तरफ से चढ़ रहे थे। आपा-धापी मचने पर व्यवस्था में लगे वॉलंटियर्स लाठी भांजने लगे। इससे भगदड़ मची, जान बचाने की कोशिश में श्रद्धालु भागने लगे और दब गए।

मृतक के परिजन कृष्ण कुमार का कहना है, इस घटना में करीब 50 लोगों की मौत हुई है। दर्शन करने वाले भक्त ऐसा बता रहे हैं। 2 बजे रात से लोग अस्पताल में हैं। प्रशासन ने सही व्यवस्था नहीं की है। प्रशासन की गाड़ी भी होती तो लोगों की जान बच सकती थी। लापरवाही हुई है। एक एंबुलेंस से 4-4 शवों को भेजा जा रहा है। कुछ लाशों को तो हटा दिया जा रहा है।

### डिप्टी सीएम ने अजमेर-केकड़ी के अधिकारियों की ली बैठक

# हर घर तिरंगा अभियान और बरसात सहित कई मुद्दों पर की चर्चा : डिप्टी सीएम

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** डिप्टी सीएम दिया कुमारी सोमवार को अजमेर पहुचीं। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर और केकड़ी जिले के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उनकी सुरक्षा में चूक भी सामने आई। एक युवक पुलिस की मौजूदगी में मीटिंग के अंदर घुस गया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत पकड़कर उसे बाहर निकाला और सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले किया। डिप्टी सीएम और अजमेर प्रभारी दिया कुमारी सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब अजमेर पहुंची थी। दिया कुमारी ने कहा- मैं अजमेर और केकड़ी जिले की प्रभारी हूं। इसके तहत बजट घोषणा और अन्य मुद्दों को लेकर बैठक लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर क्या प्लानिंग की गई है। बैठक में बारिश का मुद्दा भी रहा। प्रदेश में तेज बरसात का दौर जारी है। बरसात को लेकर क्या तैयारी की गई है। इस पर चर्चा हुई। कांग्रेस की ओर से बढ़ते अपराध को लेकर उठाए गए सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा- उस पर भी जल्द निरंतर आएगा। सड़कों को लेकर भी फीडबैक लिया है। 5 साल कांग्रेस का शासन था। उनके शासन में बुरी तरह की सड़क बनी है, जिसे सुधारा जाएगा।

### दिया कुमारी की सुरक्षा में हुई चूक

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की अजमेर यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक भी सामने आई। 1:20 के करीब नसीराबाद विधानसभा के नियारा गांव निवासी हंसराज गुर्जर पुलिस की मौजूदगी में अचानक मीटिंग के दौरान सभागार में घुस गया। युवक के घुसते ही सुरक्षाकर्मी हरकत में आ गए। सिविल लाइन थाना प्रभारी छोटू लाल ने युवक को तुरंत सभागार से बाहर निकल गया। एडिशनल एसपी सिटी दुर्गा सिंह भी तुरंत बाहर आ गए। बाद में उसे सिविल लाइन थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सिविल लाइन थानाधिकारी छोटूलाल ने बताया कि युवक को शांतिभंग में पकड़ा गया है।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)